हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 164 ● शनिवार 27 जुलाई 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ●मूल्य : 2 रुपये

## धर्म परिवर्तन सर्टिफिकेट में नाम बदलना होगा जरूरी

- केरल हाईकोर्ट बोला-व्यक्ति को एक धर्म से नहीं बांध सकते, यह संवैधानिक गारंटी है

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को धर्म परिवर्तन से जुड़े एक मामले में सुनवाई की। इसमें कहा- एजुकेशन सर्टिफिकेट में जाति या धर्म परिवर्तन की मांग को इसलिए नहीं ठुकराया जाना चाहिए क्योंकि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। जस्टिस वीजी अरुण ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद संस्थानों को सर्टिफिकेट में आवश्यक सुधार करने होंगे। उन्होंने कहा भले ही स्कूल सर्टिफिकेट में धर्म परिवर्तन के आधार पर नाम बदलने का कोई नियम नहीं है। इसका मतलब ये नहीं है कि किसी व्यक्ति को उसके जन्म के आधार पर किसी एक धर्म से बांध दिया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 25 (1) के तहत किसी भी व्यक्ति को अपनी पसंद का कोई भी धर्म अपनाने की गारंटी दी गई है। अगर कोई व्यक्ति इस आजादी का प्रयोग करके किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो उसके दस्तावेजों में सुधार करना जरूरी है।




## कांग्रेस का मोहरा बन चुके हैं अखिलेश, 2027 भी जीतेगी बीजेपी

- यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का सपा नेता पर सख्त पलटवार

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के बाद से उत्तर प्रदेश की राजनीति से जुड़ी अलग-अलग खबरें सामने आ रही हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और अखिलेश यादव के बीच बयानों के ज़रिए खींचतान जारी है। अखिलेश यादव ने सुबह एक बयान देते हुए केशव प्रसाद मौर्य को मोहरा कहा था। पलटवार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 'अखिलेश यादव खुद कांग्रेस का मोहरा हैं,वह अपनी पार्टी को संभालने पर ध्यान दें, बीजेपी 2017 की तरह 2027 भी जीतेगी।' उत्तर प्रदेश बीजेपी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पिछले दिनों केशव प्रसाद मौर्य और सीएम योगी के बीच तल्खी की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। तब केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था कि संगठन से बड़ा कुछ नहीं होता है। ऐसा माना गया कि उनका यह बयान सीएम योगी पर निशाना था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी के अंदरखाने चल रहे मामले पर लागतार बयान देना शुरू किया और ताजा बयान 'केशव पर है।



## 'हम हिंदू नहीं हैं' कहने वाली आदिवासी महिला टीचर सस्पेंड

- विवाद बढ़ने के बाद मेनका डामोर पर सख्त हुई राजस्थान सरकार

जयपुर/डूंगरपुर (एजेंसी)। राजस्थान में आदिवासी हिंदू है या नहीं, इस मुद्दे को लेकर सियासत लगातार गर्म है। इस बीच बीते दिनों मानगढ़ में आयोजित आदिवासियों की महारैली में एक महिला टीचर ने विवादित बयान दिया। इसके बाद उसे शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। इसमें महिला टीचर मेनका डामोर ने रैली में आदिवासी परिवार की महिलाओं को कहा कि हम हिंदू नहीं है, हम सिंदूर नहीं लगाते है, मंगलसूत्र नहीं पहनते हैं। इसको लेकर आदिवासी समाज की महिलाओं ने आपत्ति जताई। इसके बाद शिक्षा विभाग ने बड़ा एक्शन लेते हुए महिला टीचर को सस्पेंड कर दिया है। महिला टीचर पर राजस्थान आचरण नियम और शिक्षा विभाग की छवि को खराब करने का आरोप लगा है। राजस्थान में आदिवासियों के हिंदू हैं या नहीं मुद्दे को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई। इसको लेकर बीते दिनों विधानसभा में भी काफी बवाल हुआ। बीते दिनों 19 जुलाई को महिला टीचर मेनका डामोर ने रैली में आदिवासी महिलाओं को विवादित बयान दिया।



## अब कलाम के जरिए पसमांदा मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- पूर्व राष्ट्रपति की आज पुण्यतिथि मनाएगी बीजेपी, देशभर में कार्यक्रम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कल 27 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति और अंतरिक्ष वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की नौवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर बीजेपी बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में है। पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा 27 जुलाई को कलाम की नौवीं पुण्यतिथि के अवसर पर देशभर में कैंपेन शुरू करेगा। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जमाल सिद्दीकी ने कहा है कि इस कैंपेन में जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पसमांदा मुस्लिमों के आदर्श कलाम को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कल 27 जुलाई को कलाम स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसी तरह के कार्यक्रम पूरे देश में जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जहां कलाम की प्रतिमाओं और तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।



## कांवड़ रूट पर नाम लिखने वाली रोक रहेगी जारी

- यूपी सरकार की दलील सुप्रीम कोर्ट ने कर दी खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली बॉर्डर से हरिद्वार तक कांवड़ यात्रा के रूट पर रेस्तरां, ढाबों को मालिक का नाम लिखने के आदेश पर लगी सुप्रीम कोर्ट की रोक जारी रहेगी। अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अंतरिम रोक बने रहने का आदेश दिया। यह आदेश उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लिए जारी किया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिले कांवड़ रूट पर आते हैं। यहां आदेश दिया जारी किया गया था कि रूट पर पड़ने वाले ढाबे, रेस्तरां और अन्य खाने पीने की दुकानों के मालिक अपना नाम एक बोर्ड पर जरूर लिखें। इसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था और अब उस रोक को जारी रखा है। यह आदेश 5 अगस्त तक जारी रहेगा और उसी दिन अगली सुनवाई होनी है। वहीं



शुक्रवार की सुनवाई से पहले यूपी सरकार ने नाम लिखे जाने के आदेश को सही ठहराते हुए एफिडेविट दिया था कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि शांति बनी रहे। यूपी सरकार ने कहा कि हम लोगों की आस्था का सम्मान करना चाहते हैं। इसलिए यह आदेश दिया गया। इसके अलावा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी ऐसा हुआ था। योगी सरकार की इस दलील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके अलावा अदालत ने कांवड़ यात्रा के रूट पर नाम लिखे जाने वाले आदेश के समर्थन में दाखिल अर्जी को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस पर सुनवाई से ही इनकार कर दिया। इस अर्जी में कहा गया था कि यह आदेश सही है और धार्मिक मान्यता के अधिकार और स्वतंत्रता को बनाए रखने वाला है। यूपी सरकार की ओर से पेश सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने यूपी सरकार का पक्ष रखा।

# तुगलक रोड नहीं, अब दूसरी जगह शिफ्ट होंगे राहुल !

### जल्द बदलने वाला है पता, बहन प्रियंका ने जाकर देखा नया बंगला

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के घर का पता बदलने वाला है। इस बात की चर्चा जोरों पर है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लुटियंस दिल्ली में ही नया बंगला दिया जाएगा। आज यानी शुक्रवार को राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी ने खुद जाकर नया बंगला देखा। बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी का निवास स्थान 12, तुगलक लेन, नई दिल्ली था। अब खबरें हैं कि राहुल गांधी को सुनहरी बाग में बंगला नंबर 5 आवंटित किया गया है। पिछले साल मानहानि के एक मुकदमे में लोकसभा सांसदी से अयोग्य ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी को 12 तुगलक लेन स्थित बंगला खाली करना पड़ा था। अगस्त में, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद जब उनकी संसद सदस्यता बहाल की गई थी तब उनको वापस वही बंगला आवंटित किया गया। हालांकि राहुल ने सरकारी आवास नहीं लिया था। राहुल गांधी 19 साल तुगलक लेन में रहे। शुक्रवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा नई दिल्ली के सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 5 को देखने पहुंची थीं। खबरों के मुताबिक केंद्र सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को यही घर ऑफर किया है। बंगले के आवंटन की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।



## सुल्तानपुर में राहुल गांधी ने की चप्पल की सिलाई

### मोची की दुकान पर पहुंचे, पूछा-जूता कैसे बनाते हो

**सुल्तानपुर/लखनऊ (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह की मानहानि केस में राहुल गांधी शुक्रवार को सुल्तानपुर की कोर्ट में पेश हुए। यहां उन्होंने बयान दर्ज कराए। जज से कहा- मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं। लखनऊ लौटते समय राहुल ने सुल्तानपुर में अचानक मोची की दुकान पर अपना काफिला रुकवा लिया। गाड़ी से उतरकर मोची चैतराम की दुकान पर गए। चप्पल की सिलाई की और उनसे पूछा कि जूते कैसे बनाते हो। करीब 5 मिनट तक चैतराम से बातचीत के बाद राहुल वहां से निकल गए। इससे पहले, राहुल 16 मिनट तक कोर्ट रूम में रहे। 12 अगस्त को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। राहुल पर आरोप है कि 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था- अमित शाह हत्या के आरोपी हैं। इस बयान के खिलाफ सुल्तानपुर में भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में मानहानि का केस दर्ज कराया था। इसी मामले में सुनवाई हुई। चैत राम मोची ने बताया कि राहुल गांधी ने कोई सामान नहीं खरीदा। अपने लिए कुछ नहीं बनावाया। जो जूते बना रहा था, उसे छूकर देखा। पूछा- कैसे बनाते हो। उन्होंने एक चप्पल की सिलाई की। चैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा।




## चीन सीमा के पास ही भारतीय सेना करेगी युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना की एक टुकड़ी गुरुवार को बहुदेशीय सैन्य अभ्यास के लिए मंगोलिया रवाना हुई। यह सैन्य अभ्यास 27 जुलाई से 9 अगस्त के दौरान उलानबातर में होगा, जिसमें भारत और मंगोलिया समेत कई देशों की सेनाएं शामिल होंगी। यह सैन्य अभ्यास चीन की सीमा से करीब 1000 किलोमीटर की ही दूरी पर है, जिस पर उसकी भी निगाहें होंगी। इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए 40 भारतीय सैनिकों की एक टुकड़ी रवाना हुई है। इस सैन्य अभ्यास को नया नाम दिया गया है। बीते साल भी जुलाई के दौरान मंगोलिया में यह अभ्यास हुआ था। इस सैन्य अभ्यास में कई देशों की सेनाएं शामिल होंगी।

## पहले भिंडरावाले को खड़ा किया अब अमृतपाल सिंह का समर्थन

### लोकसभा में कांग्रेस सांसद चन्नी के बयान पर भड़की भाजपा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने अमृतपाल सिंह को लेकर गुरुवार को लोकसभा में कुछ ऐसा कह दिया कि इससे राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया है। चन्नी ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विवादास्पद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया है। इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि चन्नी देशद्रोही की तरह व्यवहार कर रहे हैं। बिट्टू की लोकसभा में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री के साथ तीखी नोकझोंक हुई। बिट्टू ने कहा,एक पूर्व सीएम देशद्रोही की तरह व्यवहार कर रहे हैं और सदन के माध्यम से पूरे देश को गुमराह कर रहे हैं। चन्नी ने कहा कि किसानों पर एनएसए लगाया गया है लेकिन यह किस पर लगाया गया है - यह उन पर लगाया गया है जो देश और पंजाब को तोड़ना चाहते थे। चन्नी का ये कहना कि किसानों के खिलाफ एनएसए लगाया गया है और यह गलत है। एक पूर्व सीएम ने देश और पंजाब को तोड़ने की बात कही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनके सामने बैठे थे और उनसे यह कहलवा रहे थे।



## एमपी बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन

- गुरुग्राम के अस्पताल में ली अंतिम सांस, पत्नी से इच्छा जताई थी- अंत्येष्टि जन्मस्थली पर हो

**भोपाल।** बीजेपी के सीनियर लीडर और पूर्व मध्यप्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा का निधन हो गया है। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में आज सुबह 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। 67 वर्षीय झा लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके बेटे अयत्न ने कहा कि अंतिम संस्कार शनिवार दोपहर 3 बजे बिहार के सीतामढ़ी जिले के कोरियाही गांव में होगा। प्रभात झा को करीब 26 दिन पहले भोपाल के एक निजी अस्पताल से एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम ले जाया गया था। प्रभात झा मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। उनका जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहरपुर गांव में हुआ था।



## तीन महीने में ही राज ठाकरे ने एनडीए से की दोस्ती खत्म

### शिंदे सरकार से भी रूठे, अकेले चुनाव लड़ने का कर दिया ऐलान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधान सभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सियासी दोस्ती और दुश्मनी की तस्वीर साफ होती दिख रही है। लोकसभा चुनावों में बीजेपी के अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन का बिना शर्त समर्थन साथ देने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे अब अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। महायुति गठबंधन से उनकी दोस्ती अब खत्म हो चली है। कुछ दिनों पहले ही उनकी पार्टी ने बीजेपी से महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 20 सीटें देने की मांग की थी लेकिन बीजेपी की तरफ से इस पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल सका। ऐसी चर्चा है कि अब राज ठाकरे की पार्टी अब राज्य की 225 विधान सभा सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। राज्य में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं और अक्टूबर में चुनाव होने की संभावना है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता प्रकाश महाजन ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य विधानसभा चुनाव में 200 से 225 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी।



# पेरिस ओलंपिक उद्घाटन से पहले फ्रांस में बवाल

### हाई स्पीड ट्रेनों में तोड़फोड़ और आगजनी, 8 लाख लोग प्रभावित




पेरिस (एजेंसी)। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 2024 के ओलम्पिक खेलों की शुरुआत से पहले वहां की हाई स्पीड रेल नेटवर्क में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और आगजनी की खबरें हैं। इससे वहां की रेल सेवा पर बुरा असर पड़ा है। इससे 8 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। फ्रांसीसी रेल कंपनी ने एक बयान में कहा है कि कई रेल लाइनों को निशाना बनाकर किए गए 'दुर्भावनापूर्ण हमलों' की वजहों से ओलंपिक से पहले पेरिस में ट्रेन परिचालन बुरी तरह बाधित हुआ है। सरकारी स्वामित्व वाली रेलवे ऑपरेटर, कंपनी ने कहा है कि आगजनी और तोड़फोड़ करने वालों ने पेरिस को देश के पश्चिम, उत्तर और पूर्व से जोड़ने वाली रेल लाइनों को निशाना बनाया है। ये हमले ऐसे वक्त में किए गए हैं जब पेरिस में ओलंपिक खेलों की शुरुआत होने वाली है और सप्ताहांत पर यातायात बढ़ने वाला था। अब इससे पूरे देश में रेल यातायात बुरी तरह से बाधित हो जाएगी। कंपनी ने समाचार एजेंसी को बताया, यह टीजीवी. नेटवर्क को पंगु बनाने के लिए बड़े पैमाने पर किया गया एक बड़ा हमला है। इसकी वजह से कई मार्गों पर रेल परिचालन रद्द करना पड़ा है और यह स्थिति कम से कम पूरे सप्ताहांत तक बनी रह सकती है, जब तक कि मरम्मत का काम पूरा ना हो जाय। फ्रांसीसी राष्ट्रीय रेल ऑपरेटर ने कहा है कि रात के अंधेरे में की गई इस दुर्भावनापूर्ण हरकत की वजह से अटलांटिक, उत्तरी और पूर्वी लाइनें भी प्रभावित हुई हैं। हमलों में कई महत्वपूर्ण केबलों को काट दिया गया है और जला दिया गया है। इस बीच, फ्रांसीसी मीडिया ने बताया है कि दक्षिण-पूर्वी लाइन पर एक और हमला सूझबूझ से टाल दिया गया। ऑपरेटर ने कहा है कि इन हमलों से इस सप्ताहांत लगभग 800,000 फ्रांसीसियों की छुट्टियां बाधित हुई हैं, जो यात्रा की योजनाएं बना चुके थे। कंपनी ने कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि ये हमले योजनाबद्ध तरीके से किए गए हैं और रेल नेटवर्क के अहम रणनीतिक बिंदुओं को सावधानीपूर्वक निशाना बनाया गया है। फ्रांसीसी खेल मंत्री, एमेली ओडेया-कास्टेरा ने इस कायराना हरकत की निंदा की है। उन्होंने बीएफएमटीवी से कहा, यह पूरी तरह से भयावह है। खेलों को निशाना बनाना फ्रांस को निशाना बनाने के समान है।



हो जाइए सतर्क!

# भारत में हर साल ढाई फीसदी बढ़ रहे कैंसर के नए मरीज

### सरकार ने संसद में गिनाए आंकड़े, दवाइयां भी की सस्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बढ़ते कैंसर के मरीजों को देखते हुए इस बार बजट में भी कैंसर की दवाइओं को सस्ता करने के लिए कदम उठाए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार कैंसर के इलाज को सुलभ बनाने और मरीजों की सुविधा के लिए सारे प्रयास कर रह है। लोकसभा में एक सप्लीमेंट्री सवाल का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि सरकार हर संभव कोशिश कर रही है कि कैंसर के मरीजों को आसानी से इलाज और दवाइयां मिल सकें। उन्होंने कहा, देश में हर साल कैंसर के 2.5 फीसदी मरीज बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों में मुंह के कैंसर और फेफड़ों के कैंसर के मरीज ज्यादा हैं वहीं महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के ज्यादा केस पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल लगभग 15.5 लाख कैंसर के मामले आ रहे हैं। कैंसर की बीमारी के लिए 131 जरूरी दवाएं हैं जिनकी कीमत की निगरानी सरकार करती है। ये आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली दवाएं हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर की दवाइयों की सुलभता को सुनिश्चित करने के लिए हमने हर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ज्यादा मेडिकल कॉलेज बनाने पर जोर दे रही है जिससे कि डॉक्टरों की संख्या में इजाफा हो।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के जन सहायता शिविर में 3672 लोगों ने दिया आवेदन




**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को राहे प्रखंड परिसर में एक दिवसीय जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के सभी नौ पंचायतों से जरूरतमंद लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए और सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किये। अधिकांश लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि सहायता शिविर में 3672 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिसमें भूमि सम्बंधी, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय, विकलांगता प्रमाण-पत्र, पेंशन, कृषि ऋण, छात्रवृत्ति, बिजली, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य शामिल हैं। शिविर में कानूनी सलाह देने के लिए विशेष अधिवक्ता विनोद सिंह, सोनी नायक, दिनेश वर्मा एवं दिपाल कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में जगदीश चन्द्र महतो, नागेश्वर महतो, राजकिशोर मुंडा, त्रिलोचन महतो सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

### पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा : डीजीपी



**रांची।** तेज तर्रार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का शुक्रवार को अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पदभार संभालते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि विधि व्यवस्था, नारकोटिक्स के मामले, साइबर क्राइम, अपराधिक घटना को रोकने और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजर रहेगी। अनुराग गुप्ता शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे। पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जाएगा। सबसे ज्यादा जरूरी है कि थाना पहुंचने पर लोगों की बात को अच्छे तरीके से सुना जाए। इस दौरान कमजोर वर्ग, खासकर वृद्ध और महिलाओं के मामलों को संवेदनशीलता के साथ जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सिस्टम को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रतिनियुक्ति पर विशेष सावधानी बरती जाएगी। साथ ही इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा कि पारदर्शिता के साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग हो। उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जरूरत होगी, वहां डिप्लायमेंट सुनिश्चित किया जाएगा।

### झारखंड विधानसभा के बाहर विपक्ष का धरना



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष ने सदन के बाहर धरना दिया। भाजपा नेता सदन के बाहर बैनर लेकर बैठे हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। बैनर पर लिखा है कि पत्थर, कोयला, बालू, जमीन लूटवा हेमंत हाय हाय, पांच लाख नौकरी का क्या हुआ?, युवाओं के सपनों का हत्यारा हाय हाय, स्नातक को 5000 और स्नातकोत्तर को 7000 बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ?? धरना देने वालों में विधायक अमित मंडल, समरी लाल, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, बिरंचि नारायण समेत अन्य विधायक मौजूद रहे। धरना दे रहे गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने झारखंड राज्य के सहारा में निवेश करने वाले राज्य के जमाकर्ताओं के अरबों रुपये की जमा राशि का अविलंब भुगतान करने की मांग की। इधर, झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र के पहले दिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। विशेष सत्र में सहायक पुलिसकर्मियों के विधानसभा परिसर में प्रवेश ना करे, इसको लेकर सुरक्षा के खास इंतजाम हैं। सभी की आईडी और पास की चार स्तर पर जांच की जा रही है। तभी लोगों को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने दिया जा रहा है।

### विधानसभा की कार्यवाही 29 जुलाई पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित किया। शोक प्रकाश शुरू हुआ, जिसमें राज्य समेत देश में बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों और कलाकारों समेत अन्य गणमान्यों के प्रति सदन में शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश पेश किया। इसके बाद सदन को सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। यह सत्र आठ दिनों का है। इसमें छह कार्यदिवस होंगे। हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल यह अंतिम सत्र होगा। इसके बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस छह दिवसीय सत्र में सरकार सदन में अनुपूरक बजट पेश करेगी। दो अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 27 और 28 जुलाई को शनिवार और रविवार होने की वजह से कार्यवाही नहीं चलेगी।

# पर्यावरण संतुलन के लिए हम सभी कदम से कदम मिलाकर चलें : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में झारखंड विधानसभा परिसर में शुक्रवार को आयोजित 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बतौर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन



महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरुआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें।



**एक वक्त था जब झारखंड में पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं थी-** मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी लेकिन जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गए, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग-धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पुल-पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए। जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गए। सोरेन ने कहा कि प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पाएंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी एवं मिथिलेश कुमार ठाकुर, कई विधायकगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### जमीन कारोबारी कमलेश पहुंचा ईडी कार्यालय, पूछताछ शुरू




**रांची।** जमीन कारोबारी कमलेश कुमार शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि कमलेश से कागजी प्रक्रिया पूरी कराने के बाद ईडी के अधिकारियों ने उससे पूछताछ शुरू की। जमीन कारोबारी कमलेश को पूछताछ के ईडी पूर्व में पांच समन भेज चुकी है। इसके बाद कमलेश ईडी कार्यालय में उपस्थित हुआ है। पूर्व में कमलेश ने ईडी से पूछताछ में शामिल होने के लिए समय मांगा था। जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने 21 जून को कमलेश के घर पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान उसके घर से एक करोड़ कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे।

## बीएयू में संविदा पर नियुक्ति होगी



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए अवकाशप्राप्त लोगों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार,लोक उपक्रमों और कृषि विश्वविद्यालयों की सेवा से रिटायर 62 वर्ष तक की उम्र के लोग आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के नियंत्रक (वित्त प्रमुख) पद के लिए न्यूनतम योग्यता बी कॉम डिग्री या समकक्ष डिग्री, चार्टर्ड अकाउंटेंट या कास्ट अकाउंटेंट के रूप में अनुभव या राज्य, केंद्र सरकार की अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा पास होना चाहिए। साथ ही सरकारी या अर्ध सरकारी संस्थान में न्यूनतम 10 वर्ष कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। चिकित्सा पदाधिकारी पद के लिए आवश्यक योग्यता मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा विज्ञान की डिग्री तथा रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव चाहिए। इसी प्रकार उप निदेशक, कार्य एवं संयंत्र (सिविल) के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री तथा कार्यपालक अभियंता या उससे ऊपर के पद पर पांच साल का कार्यानुभव आवश्यक है। उम्मीदवार विज्ञापन (23 जुलाई) के 10 दनों के अन्दर बीएयू के वेबसाइट (www.bauranchi,org) पर दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन एवं फीस भुगतान कर सकते हैं I आवेदन शुल्क सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1000 रु तथा एससी/ एसटी उम्मीदवारों के लिए 500 रुपये है। चयनित उम्मीदवारों को झारखण्ड सरकार के वित्त विभाग के संकल्प के अनुरूप मासिक मानदेय दिया जायेगा। आरंभिक नियुक्ति छह माह के लिए होगी जिसे राज्य सरकार के नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है।

## खुद को गोली मार कर एक व्यक्ति ने की खुदकुशी



**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के ईमली चौक के समीप काली शंकर अपार्टमेंट में रहने वाले एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त सत्यजीत सरकार (52) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से बंगाल के वर्धमान के रहने वाले थे। वह बहुत समय से रांची में रह रहे थे और बिजली विभाग में ठेकेदारी का काम करते थे। इनके साथ उनकी पत्नी और बच्चे भी रहते थे। कुछ दिन पहले उनकी पत्नी मायके गई हुई थी। गुरुवार रात को पत्नी ने फोन किया तो मृतक सत्यजीत सरकार ने रिसीव नहीं किया। शुक्रवार सुबह भी फोन करने पर जब सत्यजीत सरकार ने फोन रिसीव नहीं किया। तब अनहोनी की आशंका को लेकर पत्नी ने रांची में रहने वाले अगल-बगल के रिश्तेदार को फोन करके मामले की जानकारी दी। इसके बाद वह लोग सत्यजीत सरकार के घर गए तो दरवाजा बंद था, काफी



आवाज देने पर दरवाजा नहीं खुला तो दरवाजा तोड़कर लोग अंदर घुसे तो देखा कि हाथ में पिस्टल है और उनकी मौत गोली लगने से हुई है।

# डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन डेमोक्रेसी के लिए खतरा : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी पर राज्य सरकार को घेरा। मरांडी शुक्रवार को मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही। संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। डेमोग्राफी का यह परिवर्तन डेमोक्रेसी केलिए खतरा है, जो सबके लिए चिंता का विषय है। मरांडी ने कहा कि इस परिवर्तन में सबसे ज्यादा यदि कोई समुदाय प्रभावित हुआ है वह है जनजाति समाज। उन्होंने 1951 और 201 1के जनगणना रिपोर्ट के आधार पर प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में वर्ष



1951 में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत, सनातनी हिंदू 87.9 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी जबकि 2011 में आदिवासी 26 प्रतिशत हो गए और मुस्लिम 14.5 प्रतिशत और सनातनी 81.17 प्रतिशत हो गए यानी आदिवासी घटे, सनातनी घटे और मुस्लिम बढ़े। मरांडी ने संथाल परगना का आंकड़ा बताते हुए कहा कि यहां की स्थिति तो खतरे की घंटी तक पहुंच गया। यहां अलार्मिंग स्थिति है। आकड़े बताते हुए उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम 9.44 प्रतिशत और अन्य 45.9 प्रतिशत थी जबकि 2011 में आदिवासियों की जनसंख्या घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई और मुस्लिम आबादी बढ़कर 22.73 प्रतिशत पहुंच गई। अन्य की आबादी बढ़कर 49.2 प्रतिशत ही हुई। मरांडी ने कहा कि ये आंकड़े डेमोग्राफी में हुए बड़े बदलाव की ओर स्पष्ट संकेत कर रहे। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, बल्कि विगत दिनों भाजपा द्वारा किए गए मतदाता सर्वे के आंकड़ों पर विचार करेंगे तो संथाल परगना के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 2019 से 2024 की मतदाता सूची में एक एक बूथ पर 20 से लेकर 123 प्रतिशत तक मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग भी गई है। ज्ञापन सौंपा है और जांच कराने की मांग की है। मरांडी ने कहा कि देश की संवैधानिक व्यवस्था में जनसंख्या के समानुपातिक अनुपात के अनुसार एसटी एससी के लिए लोकसभा, विधानसभा चुनावों और नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसलिए आदिवासियों की जनसंख्या घटने से न केवल डेमोग्राफी बदल रही, बल्कि आरक्षण प्रतिशत भी घटने की नौबत आएगी। सर्वाधिक नुकसान आदिवासी समाज को होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटती आबादी के कारणों की जांच एसआईटी गठित कर कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को शीघ्र पहल करते हुए कार्रवाई करनी चाहिए।

### जमीन घोटाले के आरोपित झामुमो नेता अंतू तिर्की की जमानत याचिका खारिज




**रांची।** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने शुक्रवार को जमीन घोटाले के आरोपित झामुमो नेता अंतु तिर्की की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने 12 जुलाई को याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अंतू तिर्की ने गिरफ्तारी के 76 दिनों बाद दो जुलाई को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। ईडी ने जमीन घोटाले को लेकर बीते 16 अप्रैल को की गई छापेमारी के बाद अंतू तिर्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। ईडी ने अंतु तिर्की को पुलिस रिमांड पर लेकर 12 दिनों तक गहन पूछताछ की थी। इसके बाद जेल भेज दिया गया था। तब से वह जेल में है। छापेमारी में ईडी ने आरोपित के आवास से काफी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद किया है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़ा है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने हिमांशु को राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के आदेश पर लगाई रोक



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने हिमांशु शेखर चौधरी को राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को आदेश दिया कि इस पद पर अगले आदेश तक किसी की नियुक्ति न की जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हिमांशु शेखर चौधरी की नियुक्ति राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में फरवरी 2021 में पांच वर्षों के लिए हुई थी लेकिन जुलाई 2024 में उन्हें बिना किसी शोकाज और कार्रवाई के बर्खास्त कर दिया गया था। राज्य सरकार की ओर से उनको हटाने का कारण विभाग को आय-व्यय की विवरणी समर्पित नहीं करना बताया गया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हिमांशु शेखर चौधरी केंद्र और राज्य सरकार के कानून में जो भी योग्यता की शर्तें हैं उसमें से कोई बिंदु इनके मामले में लागू नहीं होता है। वे इस पद के योग्य हैं। उन्हें बिना शोकाज नोटिस के हटाया जाना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। इस पर कोर्ट ने उनके बर्खास्त किए जाने के आदेश पर स्थगन आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की जाए। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई।

## अभ्यर्थी दलालों के चक्कर में ना पड़ें, मेरिट के आधार पर ही होगा चयन: कर्नल विकास भोला

**रांची।** रांची के होटवार स्थित खेलगांव के स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इस सेना भर्ती रैली में झारखंड राज्य के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट किए गए अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए और जूनियर कमीशन अफसर (धार्मिक शिक्षक) के लिए बिहार एवं झारखंड राज्य के शार्ट लिस्ट किए गए पुरुष उम्मीदवारों के लिए आयोजित किया गया है। ये बातें कर्नल विकास भोला ने शुक्रवार को खेलगांव में संवाददाता सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 22 अप्रैल से तीन मई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) के आयोजन के बाद शॉर्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय (बिहार एवं झारखंड) के तत्वावधान में सेना भर्ती कार्यालय रांची के जरिये रिक्रूटमेंट रैली खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित की जा रही है। खेलगांव



की गेट रात 12 बजे से छह बजे तक खुली रहेगी। कर्नल ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी दलालों को अपना डॉक्यूमेंट ना दे और उनके चक्कर में ना पड़े। 70 से ज्यादा सीसीटीवी की निगरानी में भर्ती प्रक्रिया होगी। कोई भी अभ्यर्थी दलाल के कहने पर पास और फेल नहीं होता है। वह अपने मेरिट पर ही पास होता है। तभी उसका सलेक्शन होता है। कर्नल ने कहा कि किसी अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड नहीं आया है वह खेलगांव स्थित स्टेडियम पहुंचे। उनका एडमिट कार्ड निकाल कर यहां से दिया जाएगा। सेना का प्रयास है कि कोई भी अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित ना रहे। इस ग्राउंड के मिलने से हम अच्छे तरीके से अभ्यर्थियों का टेस्ट ले पाएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें जिला प्रशासन सहित अन्य वरीय अधिकारियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। कर्नल ने कहा कि बिहार और झारखंड राज्य के शार्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों को रांची के खेलगांव स्पोर्ट्स कोम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के द्वितीय चरण में अनुशासित जीवन, चुनौतीपूर्ण करियर और देश की निःस्वार्थ सेवा करने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए इस अनूठे अवसर का लाभ उठाने के लिये प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि भर्ती वर्ष 2023-24 से भर्ती की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये थे, जहां ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा को चयन प्रक्रिया के पहले फिल्टर के रूप में शामिल किया गया है। इसके पश्चात चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, शारीरिक माप टेस्ट तथा मेडिकल जांच की जायेगी। कर्नल ने कहा कि भर्ती वर्ष 2024-25 के लिये ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा 22 अप्रैल से 03 मई तक सम्पूर्ण भारत के 15 स्थानों पर लगभग 34 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 95,549 अभ्यर्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अग्निपथ योजना 14 जून, 22 को शुरू की गई, जिसमें संगठनात्क आवश्यकता के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को चार साल की अवधि के लिये अग्निवीर के रूप में नामांकित किया जायेगा। अग्निवीरों का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात ये अनुशासित, प्रेरित, कुशल कार्यबल के रूप में अन्य क्षेत्रों में अपनी पसंद की नौकरियों और अपने करियर बनाने में योग्य होंगे। 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी नामाकंन के लिये आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

**किस दिन होगी किनकी बहाली**

- जूनियर कमीशन अफसर (धार्मिक शिक्षक) की बहाली 27 जुलाई को होगी। इसमें बिहार और झारखंड राज्य के शार्ट लिस्ट किए गए पुरुष उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर टेक्निकल और ऑफिस असिस्टेंट की बहाली 27 जुलाई को होगी। इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों के शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं पास) की बहाली 28 जुलाई को होगी। इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट किए गए उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) की बहाली 29 जुलाई से 5 अगस्त तक चलेगी। इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों के उम्मीदवार जो शॉर्टलिस्ट किए गए है, वह हिस्सा ले सकेंगे।
- छह अगस्त से आठ अगस्त तक रिजर्व दिवस रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेना पूर्व सैनिक एवं सिविल समाज ने देश के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** कारगिल विजय दिवस के 25 बर्ष पूरे होने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम ने गोलमुरी पुलिस लाइन वॉर मेमोरियल पर देश के वीर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जहाँ भारतीय थल सेना की स्थानीय यूनिट एवं 37 बटालियन एन सी सी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनय आहूजा एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा ने पुष्पचक्र चढ़ाया। एन सी सी के बच्चों के साथ साथ तीनों सेना से सेवानिवृत्त जांबाज़ सैनिकों ने बारी बारी अपना श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉक्टर कमल शुक्ला ने कारगिल युद्ध का आंखों देखी दास्तान सुनाई। कार्यक्रम का संचालन हरेन्दू शर्मा एवं धन्यबाद ज्ञापन सुशील कुमार सिंह ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव रंजन कन्हैया शर्मा गणेश राव मिथिलेश कुमार सिंह शेख अनवर राजेश कुमार प्रमोद कुमार जावेद हुसैन अशोक श्रीवास्तव मनोज ठाकुर अमित कुमार बलजीत सिंह बरमेश्वर पांडे शत्रुघ्न प्रसाद शाह अजय कुमार सिंह उत्पल सिंह रमाशंकर सिंह दिनेश तिवारी सत्येंद्र तिवारी तारकेश्वर नाथ प्रकाश लाल आदि सैकड़ो साथी उपस्थित थे

### कारगिल युद्ध में दोनों हाथ गवा चुके गौरव मानिक बारदा को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** कारगिल विजय दिवस के 25 वर्षके अवसर पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राज कुमार सिंह ने कारगिल युद्ध के जांबाज योद्धाओं में से जमशेदपुर के गौरव मानिक बारदा जो कारगिल युद्ध में अपने दोनों हाथ गवा बैठे थे आज 25 वर्षगांठ के शुभ अवसर पर जिला पार्षद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने उन्हें सम्मानित किया |

### आदिवासी सेंगल अभियान के द्वारा उपायुक्त कार्यालय समक्ष प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** आदिवासी सेंगल अभियान के द्वारा पूर्वी सिंह भूम जिले के उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया संपूर्ण आदिवासी समाज और आदिवासी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान, कानून और जनतंत्र को लागू करने की मांग की गई, आदिवासी सेंगल अभियान के द्वारा बताया गया कि आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के नाम पर लागू वंशानुगत नियुक्ति माझी परगना इसे नहीं मानते राज तांत्रिक तानाशाही चलाई जा रही है जिसकी वजह से आदिवासी समाज के लोग गुलामी के जिंदगी जीने को मजबूर है आदिवासी सेंगल अभियान के द्वारा प्रदर्शन कर जल्द से जल्द संविधान और जनतंत्र लागू करने की मांग की गई अन्यथा आंदोलन के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी गई

### टाटा से जयनगर तक ट्रेन शुरू नही होने से मिथिलावासियों में क्षोभ



**गम्हरिया:** टाटा से जयनगर तक साप्ताहिक ट्रेन चलाने कि घोषणा के दो सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने से मिथिलांचल के लोगों में क्षोभ व्याप्त है। बताया गया कि इस ट्रेन की घोषणा से ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी। किंतु समय सारणी जारी होने के बाद भी अभी तक धरातल पर नहीं पहुंचने से लोगों का सब्र का बांध टूट रहा है। मिथिला विकास मंच के अध्यक्ष फुलकांत झा एवं राजद जिला प्रभारी मुकेश झा ने बयान जारी कर बताया कि रेलवे की ओर से मात्र घोषणा कर मिथिलांचल वासी को झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। कहा कि जनहित को देखते हुए उक्त ट्रेन को पवित्र माह सावन में चलाने से बाबानगरी देवघर में आने जाने में मिथिलांचल वासी को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने जनहित को देखते हुए रेल मंत्री से अविलम्ब उक्त ट्रेन को चलाने की तिथि निर्धारित करने कि मांग की है।

### भजन संध्या में 29 जुलाई को शहनाज अख्तर और लिटिल आर्यन बाबू बहायेंगे भक्ति की बयार




**जमशेदपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री नीलकंठ महादेव संघ सावन की दूसरी सोमवारी के पावन मौके पर श्रद्धालुओं को भक्तिरस की वर्षा से सराबोर करने के लिए भजन संध्या का आयोजन करेगा जिसमे सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर और लिटिल आर्यन बाबू 29 जुलाई को ओल्ड बाराद्वारी मैदान, साकची में अपने मधुर स्वर से भक्ति की बयार बहायेंगे। शुक्रवार को संवाददाता सम्मलेन में भजन संध्या कार्यक्रम संबधी जानकारी साझा करते हुए श्री नीलकंठ महादेव संघ के वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार ने बताया की दूसरी सोमवारी पर भजन संध्या आयोजन का यह आठवां साल है और संघ इस भजन संध्या के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्य दृढ संकल्पित है। संघ के पंकज कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मध्य प्रदेश की सुप्रसिद्ध गयिका और बाबा महादेव की परम भक्त शहनाज अख्तर और बिहार के नन्हे कलाकार लिटिल आर्यन बाबू श्रद्धालुओं को अपने भजनों से झूमायेंगे। संवाददाता सम्मलेन में पंकज कुमार के अलावा श्री नीलकंठ महादेव संघ के सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस ने लॉन्च किया हर घर खटाखट कार्यक्रम

**चलो पंचायत - चलो वार्ड के नारे के साथ सरकार की योजनाओं की जानकारी और संगठन को मजबूत करेंगे हम - प्रीतम बांकिरा**




**रामगोपाल जेना। चाईबासा:-** कांग्रेस भवन चाईबासा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक चंदन कुमार राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया। कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए राष्ट्रीय समन्वयक ने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे और बताएंगे कि किस प्रकार झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने साढ़े चार वर्षों तक जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का काम किया है ।

# मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त ने किया बैठक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन एवं सभी योग्य लाभुकों को योजना से आच्छादित किए जाने हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार बैठक की गई। वी.सी के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार ने किया जिसमें सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो, सभी प्रखंडों से बीडीओ, सीडीपीओ, महिला सुपरवाइजर जुड़ीं। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत राज्य की महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के लिए प्रति माह 1000 रुपये राज्य सरकार की तरफ से दिए जाएंगे।



योजना में 21 से 50 वर्ष तक की उम्र वाली महिलाओं को शामिल किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा दो दिनों में अभियान चलाकर सभी प्रखंडों को योग्य लाभुकों के सर्वे का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि 01 से 08 अगस्त तक पंचायत स्तरीय कैम्प लगाकर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस योजना का लाभ उन परिवारों को मिलेगा जिनके परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपये से कम होगी । आवेदन पत्र आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराये जाएंगे। आवेदन पत्र का वितरण, आवेदन पत्र जमा करने एवं स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी। शिविर के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन को स्वीकृति पदाधिकारी के रूप में अधिकृत बीडीओ, सीओ आवेदनों का सत्यापन 03 दिनों के अंदर कराते हुए अगले 03 दिनों के अंदर आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करेंगे। उन्होने कहा कि इसके क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों को योजनाबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से आवेदन जमा करने एवं स्वीकृत करने के लिए लाभुकों को जागरूक करना होगा।

## कारगिल विजय दिवस पर सामाजिक संस्था लोक समर्पण ने 'ऑपरेशन विजय' के युद्धवीरों को सम्मानित कर जताई कृतज्ञता

**संवाददाता। जमशेदपुर**

लौहनगरी जमशेदपुर में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पूरे देशभक्ति भाव से मनाई जा रही है। शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था लोक समर्पण की ओर से 'ऑपरेशन विजय' में भाग लेकर दुश्मनों को धूल चटाने वाले युद्धवीरों को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी ललित दास ने संस्था के सदस्यों के संग ऑपरेशन विजय के युद्धवीर भारतीय सेना में 150 आर्टिलरी फील्ड रेजिमेंट के सेवानिवृत्त विशेष चालक विनय कुमार यादव, पृथ्वी मिसाईल रेजिमेंट के यूनिट 463 के आरएचएम उमेश सिंह राजपूत, 150 फील्ड रेजिमेंट के एनके रजनीश कुमार सिंह एवं नेवी के पीओ कुंदन सिंह के आवास जाकर उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आभार जताया। इस दौरान ललित दास ने देश एवं माँ भारती की सेवा में उनके अविस्मरणीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर संस्था के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू , सुभाष मुखी,



रितेश दत्ता, दीपक सिंह, धीरज कुमार, प्रदीप दुबे, गौरव कैबर्ता, देवाशीष पोद्दार समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## ट्रैफ़िक पुलिस के जवानों एवं अधिकारी के बीच एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर ट्रैफ़िक पुलिस के तमाम जवानों एवं अधिकारी के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहाँ सड़क सुरक्षा के नियमों के साथ साथ सड़क दुर्घटना मे फर्स्ट ऐड की सम्पूर्ण जानकरी तमाम जवानों को दी गई, इस दौरान ट्रैफ़िक डीएसपी संजय कुमार एवं कई डाक्टर भी मौजूद रहे, मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी सभी जवानों को मिले साथ ही अगर सड़क दुर्घटना मे कोई घायल होता है तो ट्रैफ़िक जवान उसे कैसे फर्स्ट ऐड ट्रीटमेंट दे सके इन दोनों की जानकरी जवानों को उपलब्ध करवाई गई, ताकि ड्यूटी पर तैनात जवान सभी परिस्थिति के लिए तैयार रह सके.






## स्थानीय हनुमान मंदिर के समीप बनेगा जल मीनार

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

शुक्रवार को विधायक सुखराम उरांव ने शहर में जल समृद्धि योजना के तहत विधायक मद से लगभग 8 लाख रुपए से सोलर आधारित डीप बोरिंग सह जल मीनार निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया । चक्रधरपुर सोनुआ बस स्टैंड के समीप हनुमान मंदिर के समीप सोलर आधारित डीप बोरिंग निर्माण कार्यों का शिलान्यास पंडित लक्ष्मी कांत दुबे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना किया गया ।विधायक सुखराम उरांव समेत पूर्व वार्ड पार्षद लीला प्रसाद ने नारियल फोड़ा। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि चक्रधरपुर विधानसभा में हर घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रहे हैं, इसमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा भी पेयजल को प्राथमिकता देकर कई योजना चला रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी निधि से जरुरत के हिसाब से शहर, स्कूल, हाट बाजार और लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर आधारित डीप बोरिंग सह जल मीनार का शिलान्यास किया गया। विधायक सुखराम ने कहा कि 2005 में उनके द्वारा विधायक निधि से जो भी डिप बोरिंग शहर में किया गया है, उसका लाभ आज भी लोग लें रहे हैं। उम्मीद है कि चक्रधरपुर विधानसभा



से पेयजल की समस्या को हमने भी प्राथमिकता देकर योजना को धरातल पर उतारा हैं, ताकि कहीं पर पानी की समस्या ना हो। विधायक ने कहा राज्य सरकार खराब पड़े चापाकल मरम्मत करा रही है, ताकि लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। विधायक ने कहा कि सोनुआ बस स्टैंड मंदिर में पूजा-अर्चना करने रोजाना सैकड़ों लोग आते हैं। लेकिन पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने एक डीप बोरिंग की मांग किया गया था। जो आज पूरा हो गया। इससे आने जाने वाले लोगों को भी शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा. इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद लीला देवी, झामुमो नेता सरवर नेहाल उर्फ नज्जू, अमर बोदरा, संजीव विश्वकर्मा, भाजपा नेता शेष नारायण लाल, कुमार विवेक, गुड्डू सिंह, परमिंदर चौहान, संजय पासवान, बुलटन रवानी, शिव चर्चा समिति से प्रतिमा साव, बबिता गुप्ता, अनिता गुप्ता आदि मौजूद थे

## गृह मंत्री अमित शाह से मिले सौरभ तिवारी



**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी की राजनीति में बड़ा उलटफेर के संकेत मिले है. जमशेदपुर के बारीडीह निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ तिवारी ने राजनीति में इंट्री का मन बनाया है. सौरभ तिवारी ने इसको लेकर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और देश के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाक़ात की है. सूत्रों ने जानकारी दी है कि भाजपा से जमशेदपुर पूर्वी से टिकट की भी सौरभ तिवारी ने दावेदारी पेश कर दी है. हालांकि खुद सौरभ तिवारी ने इसको लेकर कुछ नहीं कहा है. लेकिन क्रिकेट से सन्यास ले चुके युवा खिलाड़ी सौरभ तिवारी ने अमित शाह से मुलाक़ात कर जमशेदपुर की राजनीति में नया हालचल ला दी है.

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने दिए कड़ा निर्देश

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक, नगर ग्रामीण की उपस्थिति में शहरी ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस उपाधीक्षक/पु0नि0/थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में विगत लंबित कांड/ वारंट/कुर्की का शीघ्र निष्पादन, पासपोर्ट सत्यापन की स्थिति,फिरार अभियुक्तो के विरूद्ध कार्रवाई ,CCTNS/ ITSSO/ IRAD आदि विषयों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। शहर में कैसे क्राइम रुक इस पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है इस बैठक में जिले के सभी थानेदार सभी डीएसपी भी उपस्थित थे





## सांसद बिद्युत बरण महतो ने एन एच का मामला उठाया

**संवाददाता। जमशेदपुर**

सांसद श्री महतो ने राष्ट्रीय राजमार्ग-18 के संबंध में कहा कि यह मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के बहरागोड़ा प्रखंड से गुजरता है और बहरागोड़ा प्रखंड के कालियाडिंगा चौक के दोनों छोर पर सर्विस रोड ही मेन रोड का काम करता है और यह ओडिशा, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल का त्रिवेणी संगम है और काफी जर्जर अवस्था में है। यातायात के दृष्टिकोण से यह सड़क यात्रा करने लायक नहीं है इस पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते है और चौक के आस-पास जलभराव की समस्या भी बनी रहती है । इस स्थान पर दोनों छोर से 2-2 किलोमीटर PCC सड़क का निर्माण नहीं हो सका है जिसके कारण जलभराव की समस्या और सड़क हादसे होने की संभावना भी काफी ज्यादा होती है। इसी प्रकार NH-33 में ओम होटल वाले मोड़



के पास इस सड़क के एक ओर बस स्टैंड है एवं दूसरी ओर मेन मार्केट है। सांसद श्री महतो ने कहा इस एरिया में जनता को सड़क पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ऐसे में इस सड़क पर बस स्टैंड एवं ओम होटल के सामने एक ओवेरब्रिज का निर्माण हो जाने से यहाँ ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण हो सकेगा एवं जनता को इसका लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के घाटशिला अंतर्गत फूलडुंगरी में एक अंडरपास का निर्माण हो जाने से इस क्षेत्र में रोड ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण हो सकेगा । सांसद श्री महतो ने कि मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है की उपरोक्त समस्याओं को संज्ञान में ले और इनका जल्द से जल्द निवारण करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्णिया के तनिष्क शोरूम में डकैती, दिनदहाड़े लूटपाट करके भागे बाइक सवार बदमाश

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया. करीब आधा दर्जन की संख्या में आए बदमाशों दिनदहाड़े ही शोरूम में घुसे और लूटपाट करके फरार हो गए. रेणु उद्यान के पास स्थित तनिष्क शोरूम में हुई घटना ने पुलिस के भी होश उड़ा दिए हैं. पुलिस महकमे और कारोबारियों में इस घटना से हड़कंप है. पुलिस नाकेबंदी करके अपराधियों को पकड़ने की कोशिश में लगी है.

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्णिया के तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में हथियार के बल पर चार अपराधियों ने करोड़ों की लूट की घटना को अंजाम दिया है. घटना शुक्रवार को दिन के 12 बजे की बताई जा रही है. घटना को अंजाम देने के बाद सभी चारो अपराधी बाइक से फोर्ड कंपनी की ओर भाग गए.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागने के क्रम में बाइक सवार एक अपराधी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गया.आनन-फानन में अपराधी वहां से भाग गया. भागने के क्रम में उसका पिस्टल सड़क पर गिर गया जिसे एक टोटो चालक ने उठा लिया और वह भी भाग गया.

वहीं घटना की सूचना पर जिले के एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा सहित कई वरीय पुलिस अधिकारी पहुंचे और घटना का जायजा लिया. मौके पर एफएसएल की टीम भी पहुंची है. वहीं शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है. बताया जा रहा है घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच है.

इधर इस लूटपाट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. जिसमें पूरी घटना कैद हुई है. फुटेज में साफ दिखता है कि ये बदमाश शोरूम के कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर किनारे खड़े करवाते हैं और ज्वेलरी लूटपाट के बाद ये बाहर भाग जाते हैं. एक बदमाश के हाथ में थैला दिखता है जिसमें लूट का सामान भरकर ये फरार हुए हैं.

### फरक्का एक्सप्रेस की टाइमिंग में बदलाव, सुबह 5.30 बजे पहुंचेगी भागलपुर

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर होकर पंजाब और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली फरक्का एक्सप्रेस के समय और परिचालन रफ्तार में बदलाव किया गया है। 26 जुलाई से कुछ स्टेशनों में समय में संशोधन करने के साथ रफ्तार में भी असर देखने को मिलेगा।

ट्रेन संख्या 13413 बालूरघाट-बटिंडा फरक्का एक्सप्रेस के बालुरघाट से अभयपुर तक के समय में बदलाव नहीं हुआ है। किऊल, मोकामा और बाढ़ सहित कानपुर सेंट्रल से भठिंडा तक समय में बदलाव हुआ है। कंचौसी से इसके समय पर परिवर्तन रहेगा।

इस ट्रेन का बिहार में समय बदल गया है। ट्रेन के इस समय में बदलाव शुक्रवार से प्रभावी रहेगा। पंजाब से आने पर यह ट्रेन भागलपुर देर रात 02ः14 के स्थान पर सुबह 05ः30 पर आएगी।

गरीब रथ एक्सप्रेस में अब भागलपुर रेलवे स्टेशन के टीटीई की जगह दानापुर के टीटीई की ड्यूटी टिकट चेकिंग में लगाई जाने लगी है।

टीटीई की कमी को देखते हुए मालदा मंडल दानापुर मंडल को पत्र लिखा था। जिसके बाद से ट्रेन में दानापुर के टीटीइ ही टिकट चेकिंग के लिए ड्यूटी लगाई जाने लगी।

डाउन गरीब रथ एक्सप्रेस में ही दानापुर के टीटीई टिकट चेकिंग के लिए इस ट्रेन से भागलपुर आते हैं और अप में इस ट्रेन में दानापुर के ही टीटीई डियूटी करते हुए जाते हैं। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को चलती है।

# बिहार के नये इलाकों में फैला डेंगू संक्रमण, पिछले दो दिनों में मिले 12 मरीज



**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है. पिछले दो दिनों के अंदर 12 से अधिक मरीज मिले हैं. 24 घंटे के अंदर सुपौल में दो और पटना में चार नये मरीजों के मिलने की सूचना है. पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन और एनएमसीएच में एक कुल चार मरीज पटना में डेंगू के पाये गये हैं. वहीं सिविल सर्जन डॉ मिथलेश्वर कुमार ने कहा कि पीएमसीएच के माइक्रोबॉयलोजी विभाग में हुई जांच में तीन मरीजों की पुष्टि हुई है. इनमें एक मरीज मुसल्लहपुर हाट, दूसरा भूतनाथ और तीसरा शहर के शिवपुरा इलाके का रहने वाला है. इसके साथ ही पटना जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 28 हो गयी है.

सुपौल जिले में डेंगू ने दस्तक दे दी. जिले में इस वर्ष अब तक डेंगू के दो मरीज मिले हैं. स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में डेंगू के सबसे अधिक वर्ष 2023 में 60 मरीज मिले थे. वहीं 2019 में 23 मरीज मिले थे. जबकि वर्ष 2022 में डेंगू के दो मरीज मिले. वर्ष 2020 एवं 2021 में एक भी डेंगू के मरीज नहीं मिले. डेंगू मरीज मिलने के बाद सदर अस्पताल के कमरा नंबर 213 में सिविल सर्जन डॉ ललन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. बैठक में उन्होंने निर्देश देते कहा कि सभी अपने विभाग के कर्मियों के माध्यम से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को डेंगू से बचाव को लेकर सरकार द्वारा दिये गये गाइड लाइन के बारे में जानकारी दें.

सुपौल जिले में डेंगू मरीजों के लिए सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाया गया है. जहां 10 बेड लगाये गये हैं. वहीं सभी अनुमंडलीय अस्पताल पांच-पांच व पीएचसी में दो-दो बेड का वार्ड बनाया जा रहा है. सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू को लेकर जिले भर के सभी अनुमंडलीय अस्पताल एवं पीएचसी में डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी एडवाइजरी को शत प्रतिशत लागू करने को कहा गया है. सभी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है. स्वाथ्यकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है.

सुपौल के सीएस ने कहा कि डेंगू एक प्रकार का बुखार है जो वाइरस से होता है. सामान्य रूप से यह 05 से 07 दिनों के भीतर अपने आप ठीक हो जाता है. लेकिन कुछ परिस्थितियों में यह गंभीर रूप धारण कर लेता है. डेंगू के जांच एवं उपचार की सुविधा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में है. कहा कि घर के आस-पास, घरों के अंदर कूलर, फ्रीज आदि में पानी जमा न होने दे. सप्ताह में एक बार कूलर, फ्रीज आदि का पानी अवश्य बदले. बुखार की स्थिति में रोगी को डॉक्टरों से अवश्य दिखाएं.

भेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि डेंगू संक्रमित मादा एडिज मच्छर के काटने से फैलता है. एडिज मच्छर प्रायः दिन में काटती है. किसी संक्रमित रोगी को काटने के उपरांत मच्छर भी संक्रमित हो जाता है. एक बार संक्रमित होने के पश्चात मादा एडिज मच्छर जीवन भर संक्रमित रहती है. एक मादा एडीज मच्छर की औसत आयु लगभग तीन सप्ताह होती है. संक्रमित होने के 8 से 11 दिनों के बाद मच्छर दूसरों में रोग प्रसार के लायक हो जाती है. मादा एडीज मच्छर के पैरों तथा पिछले भाग पर सफेद रेखाएं होती है. इसे टाइगर मच्छर के नाम से भी जाना जाता है। तेज सिर दर्द, बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ो में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, मितली, उल्टी, त्वचा पर चकता होना आदि है. डेंगू के रोगी को पूरी तरह आराम करना चाहिए. शरीर के तापमान को कम रखने के लिए बदन को पानी से भींगे कपड़े को निचोड़ कर शरीर को हर वक्त पोछना चाहिए. तेज बदन दर्द होने पर हल्की दर्द निवारक दवाएं लेनी चाहिए. रोगी के शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए ओआरएस या घर में बने जीवन रक्षक अथवा अन्य तरल पदार्थ यथा फल, सब्जी का जूस व सूप दें।

### आसीपी सिंह का नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान, बताया सीएम के गुस्से का कारण

**पटना, एजेंसी।** पिछले काफी दिनों तक मीडिया से दूर रहे भाजपा नेता और जदयू के पूर्व अध्यक्ष आरसीपी सिंह का नीतीश को लेकर बड़ा बयान आया है. जदयू छोड़ने के बाद लगातार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ बयान देनेवाले आरसीपी सिंह का लहजा अब बदल गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आरसीपी न केवल सॉफ्ट दिख रहे हैं, बल्कि वो नीतीश कुमार के पक्ष में दलीलें दे रहे हैं. अचानक से नीतीश के प्रति उनका प्रेम बिहार के सियासी गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। मानसूत्र सत्र के दौरान बिहार विधानसभा में बुधवार को नीतीश कुमार ने आरजेडी महिला विधायक के खिलाफ टिप्पणी की थी. इसको लेकर पूरा विपक्ष नीतीश कुमार पर हमलावर है. खगड़िया आये आरसीपी सिंह से जब पत्रकारों ने इस मामले में सवाल किया तो आरसीपी सिंह नीतीश कुमार का बचाव करते नजर आए. आरसीपी सिंह ने कहा कि इस मामले को तूल देने की जरूरत नहीं है. नीतीश बाबू सबके गार्जियन हैं, गार्जियन कभी नाराजगी जाहिर करे तो उसे दिल से नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार यूं ही नहीं गुस्सा करते हैं. उन्हें जरुरत कुछ ऐसा बात लगा होगा, तभी उनको गुस्सा आता है. पहली बार बिहार में महिलाओं को आरक्षण नीतीश बाबू ने दिया. विपक्ष का तो काम ही हंगामा करना है. आरसीपी ने कहा कि यह तो हम सब जानते हैं कि नीतीश कुमार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई स्कीम चलाएं हैं. पंचायती राज व्यवस्था में पहली महिलाओं को आरक्षण दिलवाए हैं।



### मिथिला संस्कृति पर आधारित मधुश्रावणी शुरू, 14 दिनों तक व्रत रखेंगी नवविवाहित महिलाएं

**भागलपुर, एजेंसी।** मिथिला संस्कृति पर आधारित मधुश्रावणी सावन शुक्ल के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि गुरुवार से शुरू हो गई। जिसका समापन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया सात अगस्त को किया जाएगा। 14 दिनों तक चलने वाले मधुश्रावणी व्रत को लेकर नवविवाहिताएं यह व्रत अपने मयके में ही करती हैं।

इन चौदह दिनों के अनुष्ठान में नवविवाहिताएं नमक का सेवन नहीं करती हैं। तिलकामांझी महावीर मंदिर के पंडित आनंद झा ने बताया कि 14 दिनों तक इस बार मधुश्रावणी का व्रत नवविवाहिताएं करेंगी। इसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है।

उन्होंने बताया कि इसमें महादेव गौरी, नाग-नागिन की मूर्ति स्थापित कर कई तरह के फूलों से पूजा-अर्चना की जाती है। नैवेद्य में फल, मिठाई आदि का भोग लगाया गया। पहली बार पूजा करने के लिए नवविवाहिताओं को विशेष पूजा करनी पड़ती है।

पहली बार मधुश्रावणी व्रत करने वाली सपना झा ने बताया कि मधुश्रावणी व्रत मैथिल समाज की नवविवाहिताओं के लिए बहुत ही खास महत्व रखती है। इसमें 14 दिनों तक शिव-पार्वती नाग-नागिन की मूर्ति स्थापित कर पूजा शुरू किया गया। मधुश्रावणी व्रत में गोसांई गीत, कोहबर गीत सहित झूमर आदि महिलाओं द्वारा गाई जाती है।

इस व्रत की सबसे खास बात यह है कि 14 दिनों तक व्रती अरबा खाना खाती हैं यहां तक की सेंधा नमक का भी प्रयोग नहीं किया जाता है। शिखा झा छोटी ने बताया कि शादी के बाद से ही नव विवाहिताओं को मधुश्रावणी व्रत का इंतजार बेसब्री से रहती है। बहुत ही कठिन व्रत है। ससुराल से भेजे गए भोजन सामग्री से अरबा भोजन करती हैं।

## कांवरिया पथ पर हत्या, करंट लगने से भी बम की मौत, एक दिन में तीन कांवरियों की गयी जान

बांका, एजेंसी। श्रावणी मेला 2024 का शुभारंभ हो चुका है और उत्तरवाहिनी गंगा जल भरकर कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज से बाबाधाम देवघर के लिए रवाना होने लगे हैं. कांवरिया पथ शिवभक्तों से खचाखच भरा हुआ दिखने लगा है. वहीं सावन मेला 2024 के दौरान पैदल देवघर जाने वाले कई कांवरियों के साथ दुखद हादसे की घटना भी सामने आयी है. एक कांवरिया की मौत करंट लगने से हो गयी जबकि एक कांवरिये को अपराधी ने चाकू मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी. वहीं दिल का दौरा पड़ने से एक कांवरिये की मौत हुई है.

कांवरिया पथ पर बुधवार को एक कांवरिया से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया. बांका के कटोरिया में छपरहिया धर्मशाला के निकट कोल्हुआ मोड़ के पास कांवरिया पथ पर इस घटना को अंजाम दिया गया. बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे धनबाद के एक युवा कांवरिया को अपना निशाना बनाया. बदमाशों ने कांवरिये की मोबाइल छीनने की कोशिश की और जब उसने इसका विरोध किया तो चाकू मारकर कांवरिये की हत्या कर दी.

मृत कांवरिया के साथी कांवरिया अमित कुमार ने बताया कि हम सभी गाड़ी के पास खाना खा रहे थे. हमारा साथी कांवरिया अशीत मंडल लघुशंका के लिए गया और अचानक मोबाइल चोर का हल्ला करके दो लूटेरों का पीछा करने लगा. बदमाशों ने कांवरिया अशीत के गर्दन पर धारदार चाकू से वार कर दिया. चाकू कांवरिया के गर्दन के आर-पार हो गया था. उसकी मौत हो गयी. वहीं अपने साथी कांवरिये की मौत के बाद पूरे ग्रुप में मातम पसर गया. वारदात की सूचना पर बेलहर पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ राजकिशोर कुमार व कटोरिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय दल-बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच में जुटे हैं. एक अन्य घटना में बांका जिले के कटोरिया थाना अंतर्गत कटोरिया-देवघर कांवरिया पथ पर कोल्हुआ गांव स्थित एक चाय नाश्ता की दुकान पर ठहरे कांवरिया की करंट लगने से मौत हो गई. मृत कांवरिया की पहचान झारखंड के जमशेदपुर के आदित्यपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम रोहितास आजीवाल के 55 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार आजीवाल के रूप में हुई है. मृत कांवरिया के साथ यात्रा कर रहे चचेरा भाई मनोज कुमार आजीवाल ने बताया की कांवर यात्रा के दौरान वे लोग गुरुवार की सुबह करीब 9ः30 बजे कोल्हुआ स्थित एक चाय नाश्ता की दुकान में विश्राम करने ठहरे थे. तभी कांवरिया रमेश कुमार आजीवाल बाथरूम जाने जा रहे थे, इसी क्रम में स्टैंड फैन के लीकेज तार से उन्हें करंट लग गया. उन्हें अचेत अवस्था में कटोरिया रेफरल अस्पताल लाया गया. जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसडी मंडल ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

बांका के सुईया थाना अंतर्गत अबरखा स्थित दलसिंहसराय धर्मशाला के समीप हर्ट-अटैक से मुंगेर जिला के एक कांवरिया की मौत हो गयी. मृत कांवरिया की पहचान मुंगेर जिला के कोतवाली थाना अंतर्गत बासुदेवपुर गांव निवासी स्व दुलार झा के 65 वर्षीय पुत्र शालीग्राम झा उर्फ सुमन झा के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कांवरिया शालीग्रमा झा उर्फ सुमन झा अपने पुत्र संजीव झा के साथ सुल्तानगंज से कांवर में जल भरकर जलाभिषेक करने पैदल बाबाधाम जा रहे थे. रास्ते में ही उनकी तबियत बिगड़ने लगी. पुत्र द्वारा दलसिंहसराय धर्मशाला अबरखा में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया. सूचना मिलते ही सुईया थानाध्यक्ष विशाल कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली. मृतक के पुत्र द्वारा सुइया थाना में आवेदन देकर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया. पीड़ित परिजन शव को अपने गांव ले गये।

### एमएलसी पद से हटाए गए लालू के करीबी सुनील सिंह



**पटना, एजेंसी।** राजद के एमएलसी डॉ सुनील कुमार सिंह की बिहार विधान परिषद से सदस्यता समाप्त कर दी गयी है. विधान परिषद की आचार समिति की अनुशंसा शुक्रवार को पारित कर दी गयी. जिसके बाद सुनील सिंह अब विधान परिषद के सदस्य नहीं रहे. सदन में असंसदीय और अमर्यादित व्यवहार के आरोप में सुनील सिंह के खिलाफ ये कार्रवाई की गयी है. जदयू के वरिष्ठ सदस्य और मौजूदा उप सभापति डॉ रामवचन राय की अध्यक्षता वाली आचार समिति का प्रतिवेदन सदन में गुरुवार को पेश किया गया था जिसे शुक्रवार को पारित कर दिया गया.

विधान परिषद की सदस्यता खो चुके राजद के सुनील सिंह पर सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का आरोप है. आरोप लगा है कि सुनील सिंह एवं मो सोहैब ने मुख्यमंत्री की मिमिक्री की और कहा कि वे 18 साल से बिना चुनाव लड़े मुख्यमंत्री बने हुए हैं. समिति ने सुनील सिंह का पक्ष जानने के लिए बार-बार बुलाया. वह चौथी बार समिति के सामने आये और उसके सदस्यों के अधिकार को लेकर सवाल खड़े कर दिये.

राजद नेता सुनील सिंह ने कहा कि विधान परिषद की सदस्यता साजिश के तहत छीनी गयी है . दरअसल, ये लोग नहीं चाहते कि सदन में गरीबों, अल्पसंख्यकों और बेरोजगारों की बात उठायी जाये. बिजली बिल में भ्रष्टाचार और शिक्षा के क्षेत्र के भ्रष्टाचार को सामने लाए. सुनील सिंह ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव और राष्टीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव अब आगे इसपर फैसला लेंगे. उन्हें तय करना है कि सदन की कार्यवाही आगे चलने दी जाएगी या इस काले कानून के खिलाफ आवाज बुलंद किया जाएगा।



### आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह की सदस्यता रद्द, नीतीश कुमार की मिमिक्री करने पर हुई कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** राजद सदस्य सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। वहीं, राजद सदस्य कारी सोहैब को अगले सत्र के लिए शुरुआती 2 दिन के लिए निलंबित किया गया है। विधानपरिषद में सभापति ने इसकी घोषणा की है। वहीं, सदस्यता समाप्त करने के बाद सुनील सिंह ने सदन में कहा कि जिसको फांसी दी जा रही, उसकी बात तो सुन ली जाए। उन्होंने डॉ. रामवचन राय पर आरोप लगाया कि उप सभापति बनने के लिए ये सब किया गया है।

विधान परिषद के उपसभापति एवं आचार समिति के अध्यक्ष रामवचन राय ने गुरुवार को सदन पटल पर राजद के मुख्य सचेतक सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त करने का प्रतिवेदन रखा था।

आचार समिति ने सुनील की सदस्यता समाप्त करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद से ही साथ ही यह साफ हो गया कि सुनिल की सदस्यता पर तलवार लटक गई है।

### अब पटना एम्स में होगी किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा, इन राज्यों के मरीजों को भी मिलेगा लाभ



**पटना, एजेंसी।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की तैयारी कर रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानव अंग और उत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के तहत एम्स, पटना को किडनी प्रत्यारोपण के लिए मंजूरी दे दी गई है.

एम्स में किडनी ट्रांसप्लांट सुविधा उपलब्ध हो जाने से बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्वी राज्यों और यहां तक कि उत्तर प्रदेश और ओडिशा के मरीजों को भी लाभ मिलेगा. वर्तमान में देश के इस हिस्से के मरीजों को ट्रांसप्लांट सर्जरी के लिए दिल्ली एम्स और पीजीआइ, चंडीगढ़ जैसे उच्च केंद्रों में जाना पड़ता है. एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीइओ डॉ गोपाल कृष्ण पाल ने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट इस साल अगस्त माह से शुरू होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि सात डॉक्टरों की एक टीम ने पीजीआइ, चंडीगढ़ में औपचारिक अल्पकालिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है. उन्होंने कहा कि निजी सुविधाओं पर 8-10 लाख की तुलना में एम्स में एक मानक किडनी ट्रांसप्लांट की लागत लगभग तीन लाख होने की उम्मीद है, जिसमें दवाओं और अस्पताल में रहने का खर्च भी शामिल है. मालूम हो कि बिहार में आइजीआइएमएस एकमात्र सरकारी अस्पताल है, जहां अभी किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा है।

### शहर में ऑटो व इ-रिक्शा के लिए बनेगा पार्किंग स्थल, परिवहन विभाग ने जिलों को भेजा दिशा-निर्देश

पटना, एजेंसी। परिवहन विभाग ने ऑटो व इ- रिक्शा के परिचालन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कार्य योजना तैयार की है. विभाग की नई पहल का मकसद शहरों को जाममुक्त बनाना और यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक परिवहन सेवा प्रदान करना है. इस नियमावली के तहत सभी ऑटो व इ -रिक्शा को जोन में बांटा जाएगा और इसके लिए आवश्यकता के मुताबिक पार्किंग स्थल बनाया जाएगा. विभाग ने पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करने को सभी जिलों को दिशा-निर्देश भेज दिया है. अगले माह से जोन में बंटवारे के साथ पार्किंग स्थल पर ही ऑटो और इ-रिक्शा रुकेंगे. एक सितंबर से इस नियम को सख्ती से लागू करने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है. इस नीति के लागू होने से राज्य के शहरों में ऑटो व इ-रिक्शा का व्यवस्थित परिचालन हो सकेगा. इसके साथ ही जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी. प्रदूषण में कमी, यात्रियों की सुरक्षित यात्रा, सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं ऑटो , इ-रिक्शा के पार्किंग स्थल एवं ठहराव स्थल का निर्धारण होने से यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# पटना में वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे शिक्षकों पर लाठीचार्ज



**पटना, एजेंसी।** बिहार के शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक पर पटना में लाठीचार्ज हुआ है, ये लोग अपनी मांगों को लेकर के सचिवालय गेट के पास पूर्णकालिक करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. साथ ही वेतन 8 हजार से 32 हजार करने की मांग कर थे. इस लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी घायल हो गए और महिलाओं को भी पुलिसकर्मियों द्वारा धकेलते हुए देखा गया. प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार के लिए संघर्ष जारी रखेंगे.

**पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़पः** जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पटना में सचिवालय गेट के पास शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का उद्देश्य अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार की मांग करना था. प्रदर्शन के दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच तनाव बढ़ता गया. प्रदर्शन के दौरान स्थिति बिगड़ गई, जिससे पुलिस ने भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए बल प्रयोग करना और लाठीचार्ज का सहारा लिया. इससे कई अभ्यर्थी घायल हो गए. घायलों में कई महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्हें पुलिस द्वारा धकेलते हुए देखा गया. इस घटना ने प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है.

**वेतनमान में हो सुधारः** बिहार शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि वेतनमान में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही है. उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षक नियोजन नियमावली 2012 के अंतर्गत स्ज्ञश्वज्ञ 2019 का आयोजन किया गया था, जिसमें शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की बहाली के लिए परीक्षा ली गई, लेकिन बहाली प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और वेतनमान भी उचित नहीं है. डॉ. पांडेय ने बताया कि नियोजन नियमावली 2012 के तहत शिक्षकों के वेतनमान में प्राथमिक शिक्षकों के लिए 5000 रुपए, माध्यमिक शिक्षकों के लिए 6000 रुपए और शारीरिक शिक्षा अनुदेशक का वेतन 4000 रुपए तय किया गया था. उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में उनका वेतन 8000 रुपए निर्धारित किया गया है, जो कि बहुत कम है और इसमें सुधार की आवश्यकता है.

**जारी रहेगा संघर्षः** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक संघ के सदस्य अपनी मांगों को लेकर दृढ़ हैं और उनका कहना है कि वे तब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं. प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि वे अपनी सेवा शर्तों और वेतनमान में सुधार के लिए संघर्ष जारी रखेंगे. इस घटना के बाद प्रशासन ने स्थिति को सामान्य करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं और प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील की है. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे अपनी मांगों के प्रति गंभीर हैं और सरकार को इस मुद्दे पर जल्द से जल्द ध्यान देना चाहिए।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## खेती और खुदकुशी

भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है, मगर यहां के किसान आज भी कई तरह की समस्याओं और परेशानियों से घिरे हुए हैं। यही वजह है कि किसानों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार की एक रपट के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से जून के बीच राज्य में 1,267 किसानों ने आत्महत्या कर ली। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 11,290 लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिनमें 5,207 किसान और 6,083 खेतिहर मजदूर थे और इनमें महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा थे। इसी तरह वर्ष 2021 में कृषि कार्यों में लगे 10,881 लोगों और 2020 में 10,677 लोगों ने अपनी जान दे दी। किसानों की खुदकुशी के पीछे पारिवारिक कर्ज या आर्थिक संकट को सबसे बड़ी वजह माना जाता है। हालांकि इन आर्थिक परेशानियों के भी कई स्तर हैं। मसलन, प्राकृतिक आपदा, कर्ज का बोझ, फसलों की बढ़ती लागत, घटती आय और फसलों के उत्पादन में गिरावट। महाराष्ट्र सरकार की रपट में कहा गया है कि राज्य में पिछले छह माह में किसानों की खुदकुशी के सबसे ज्यादा मामले विदर्भ क्षेत्र के अमरावती मंडल में सामने आए हैं। बहुत से किसान खेती के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेते हैं और अगर प्राकृतिक आपदा की वजह से फसल बर्बाद हो जाए या उत्पादन कम हो, तो उनके लिए कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाता है। उर्वरक, खेती के लिए उपकरण और सिंचाई पर होने वाला खर्च बढ़ रहा है, जबकि किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। लिहाजा, किसानों की आर्थिक परेशानियां बढ़नी स्वाभाविक हैं। लंबे समय से चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी की मांग भी लंबित है। दूसरी ओर, उद्योग जगत के ऋणों के प्रति सरकार के नजरिए में जो नरमी देखी जाती है, वह किसानों के लिए नहीं दिखती। ऐसे में किसानों की समस्याओं की जटिलता अगर उन्हें आत्महत्या के कगार पर ले जाती है तो इसे एक नतीजे के तौर पर देखा जा सकता है। इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस और कारगर उपाय किए जाने जरूरत है, अन्यथा यह स्थिति और जटिल होगी।

## गरिमा बनाम गुनाह

संवैधानिक पदों का निर्वाह करने वाले लोगों को आपराधिक मामलों में सुनवाई, सजा आदि से इसलिए संरक्षण प्रदान किया गया है कि इससे उस पद की गरिमा आहत हो सकती है। ऐसे लोगों से भी यह स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वे उस पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। मगर इस तकाजे की कई बार अनदेखी की जाती है। खासकर राज्यपालों के कार्य और व्यवहार को लेकर अनेक मौकों पर अंगुलियां उठी हैं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर राजभवन में काम करने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया और राजभवन के अधिकारियों ने उसे राजभवन में बंधक बनाए रखा। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत आपराधिक मामलों में संरक्षण प्राप्त है। उन पर तब तक कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, जब तक वे अपने पद पर हैं। तब पीड़िता ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई कि अनुच्छेद 361 के खंड दो में राज्यपालों को दी गई छूट में मामले की जांच पर रोक का कोई उल्लेख नहीं है। यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में जांच में देरी पीड़िता को न्याय दिलाने में बाधा है। सर्वोच्च न्यायालय इस मामले के मद्देनजर अनुच्छेद 361 की समीक्षा को राजी हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक मामलों में संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या कर मनमानी लाभ लेने वालों पर नकेल कसी है, इसलिए इस मामले में भी लोगों को उम्मीद बनी है कि संवैधानिक संरक्षण की आड़ में राज्यपालों के अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल व्यवहारों पर रोक लगाने का कोई व्यावहारिक रास्ता निकल सकेगा। साथ ही इस सिद्धांत की रक्षा होगी कि कानून की नजर में सभी बराबर हैं। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच टकराव के अनेक मौके देखे गए और उनमें से कई में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल के अधिकारों की व्याख्या करते हुए उनकी राजनीतिक सक्रियता पर विराम लगाया, उससे भी सर्वोच्च न्यायालय के ताजा कदम पर सबकी नजर रहेगी। यों राज्यपालों की नियुक्तियों को लेकर ही लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। सक्रिय राजनीति में लंबा समय बिता चुके लोगों को राज्यपाल पद की जम्मेदारी सौंपी जाती है, तो वे राजभवन में रहते हुए भी अपने दल और केंद्र सरकार की इच्छाओं के अनुरूप काम करते देखे जाते हैं।

## अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

(ललित गर्ग)

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत-सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है। संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है।

> *बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है।*

## ताकि सबको मिले पूरा पोषक भोजन

**(जे पी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)**

एनडीए शासन के दौरान दूसरी बार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद पिछले सप्ताह जब मैंने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, यानी एफएसएसएआई का दौरा किया, तो मुझे वर्ष 2014 में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने शुरुआती कार्यकाल का स्मरण हो आया। यह वह समय था, जब यह प्राधिकरण देश के खाद्य-सुरक्षा नियामक के रूप में खुद को स्थापित कर रहा था और उस पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के लिए खाद्य मानक और नीतियां तय करने की बड़ी जिम्मेदारी थी। 22 अगस्त, 2016 को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (एफएसएसए), 2006 के एक दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मैंने पहली बार एफएसएसएआई टीम और विभिन्न हितधारकों से मुलाकात की, तो इस प्राधिकरण का दृष्टिकोण स्पष्ट था। इसका लक्ष्य नीतियों को मजबूत करना, उभरती चुनौतियों का समाधान करना और नागरिकों व खाद्य व्यवसायों के बीच सामाजिक व व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इन कोशिशों को 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' के तहत खूबसूरती से एकीकृत किया गया है, जिसने सभी भारतीयों के लिए 'सुरक्षित, स्वस्थ और सतत' भोजन सुनिश्चित करने का एक समग्र 'संपूर्ण प्रणाली दृष्टिकोण' अपनाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और एफएसएसएआई हमारे देश के खाद्य सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एक मजबूत खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत खाद्य-नीतियों और मानकों की नींव पर ही गढ़ा जा सकता है। ऐसे में, यह जानकर खुशी हुई है कि एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल व विशेषज्ञ समितियों का काफी विस्तार हुआ है। इनमें 88 संगठनों के 286 विशेषज्ञ शामिल हैं। इससे वैश्विक मानकों के अनुरूप मानदंडों और नीतियों के विकास की गति में उल्लेखनीय तेजी आई है। एफएसएसएआई की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिलेट के मानकों का सृजन है, जिनको साल 2023 में वैश्विक मिलेट (श्री अन्न) सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया था। ये मानक कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग के साथ साझा किए गए हैं। इससे मिलेट के वैश्विक मानकों के विकास और भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने के लिए नीतियों व मानकों के विकास के साथ-साथ उनका प्रवर्तन और परीक्षण भी आवश्यक है। एफएसएसएआई के खाद्य-परीक्षण के बुनियादी ढांचे में बीते आठ वर्षों में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में कैबिनेट ने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने के लिए 482 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। एफएसएसएआई ने 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' नाम से मोबाइल फूड लैब उपलब्ध कराकर दूरदराज के इलाकों में पहुंचना शुरू कर दिया है। इन उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय, हमें वैश्विक स्तर पर उभर रहे रुझानों, जैसे कि वनस्पति आधारित प्रोटीन, प्रयोगशाला में विकसित मांस आदि को भी स्वीकार करना चाहिए। एफएसएसएआई ने नई श्रेणियों- जैसे वीगन खाद्य पदार्थों, जैविक उत्पादों व आयुर्वेदिक आहार के लिए सक्रिय रूप से मानक विकसित किए हैं और यह खाद्य-सुरक्षा के उभरते रुझानों के अनुरूप निरंतर अनुकूलन कर रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक खाद्य व्यापार का विस्तार हो रहा है, एफएसएसएआई कोडेक्स जैसे विभिन्न मंचों पर अंतरराष्ट्रीय नियामकों के साथ साझेदारी कर रहा है। इसका उद्देश्य बढ़ती आबादी के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करना और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करना है। एफएसएसएआई ने साल 2023 में दिल्ली में पहला वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन (जीएफआरएस) भी आयोजित किया, जो खाद्य नियामकों के लिए उभरती खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के बारे में मिलने और विचार-विमर्श करने के लिए अपनी तरह का पहला सहयोगी मंच है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5443

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5442

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर और कारोबार के मामले में दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको आज सामान्य रूप से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी तब जाकर आपको लाभ होगा। सामाजिक संबंध आपके लिए लाभदायक होंगे और आपकी योजनाएं सफल होंगी। नई योजना की तरफ ध्यान दें तो आपको अचानक से लाभ हो सकता है। आपके लिए दिन लाभ से भरा होगा।

### वृष
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आप कारोबार में जो भी नया करने जा रहे हैं उसमें आपको आगे जाकर भरपूर लाभ होगा। रोजमर्रा के काम में कोताही न बरतें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपको नए संपर्क से लाभ होगा और ऑफिस में भी लोग आपकी मदद करेंगे।

### मिथुन
आज आपके लिए करियर में लाभ होने के योग बन रहे हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो बस दुनिया अपनी मुट्ठी में ही समझिये। रात्रि का समय मित्रों, परिजनों में हास परिहास में व्यतीत होगा।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं समय से पूर्ण होंगी। किसी की आलोचना करने से बचें वरना आप बुरे फंस सकते हैं। मेहनत करने से लाभ होगा और सफलता आपके कदम चूमेगी। सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। आपको कारोबार के संबंध में कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले एक बार ठीक से विचार कर लेना चाहिए।

### वृश्चिक
आज दिन शुभ है और आपको हर काम आंख खोलकर करने की सलाह है। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। आपका मन काफी क्रिएटिव रहेगा और आपको कुछ नया करने को मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

### धनु
आज हर कार्य में बेहद सावधान रहने की जरूरत है। वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत करने से नई उपलब्धियां प्राप्त करेंगे। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। आज आपको पैसों की उगाही करने के लिए शहर से बाहर भी जाना पड़ सकता है। इस कार्य में आपको सफलता मिलेगी और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क
आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए शुभ प्रभाव देने वाला रहेगा। आपके लिए वाहन और भूमि खरीदने के योग बन रहे हैं। उसमें आपको लाभ होगा और अच्छा मुनाफा होगा। स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तु खरीदने में आपका खर्च हो सकता है।

### सिंह
आज दिन दौड़भाग में बीतेगा और आपको ऑफिस में भी अधिक काम करना पड़ेगा। दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। वहीं किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु सेहत का ध्यान रखें। वरना मौसम में बदलाव होने से आपको नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज दिन परेशानियों से भरा होगा और किसी कारण से आपको प्रतिकूलता हो सकती है। आपस में संबंध बिगड़ सकते है और आपकी अनबन हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आज आपको मेहनत का फल मिलेगा। अच्छे कार्य से आपको लाभ होगा।

### मकर
आज करियर में लाभ का दिन है। आज आपकी कोई बड़ी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। मानसिक अशान्ति रहेगी। किसी यात्रा पर जाने की योजना बन रही है और उसमें आपको लाभ होगा। शाम के वक्त कारोबार के सुस्त रहने की वजह से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। अंदर से आपका मन बेचैन रहेगा।

### कुंभ
आज किसी कारण से उलझन में रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। अधिकारी लोगों से आपकी अच्छी पटेगी और इसका आपको लाभ होगा। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं। आपको लाभ होगा।

### मीन
आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें तो आपको लाभ होगा। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है। दाम्पत्य में सरसता बनी रहेगी और आपका मन पूरे दिन खुशी में बीतेगा।

## वर्ग पहेली 5443



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सत्पाह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मो से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणनकर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**
1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5442 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | | र | ह | मा | न |
| व | | का | ना | फूं | सी | | य |
| रा | त | | लि | | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | | | न |
| | | शो | | न | ट | ख | ट |
| अ | | रा | ज | द | | र | |
| जा | न | व | र | | आ | गो | श |
| न | | स्था | | चौ | गा | न | |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्च डालकर लूट: कारोबारी भाइयों से 10 लाख लूटे, फिरोजाबाद हाईवे की तरफ भाग निकले बदमाश

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के कमला नगर में एक बार फिर बदमाशों ने वारदात को अंजाम देकर कमिश्नरेट पुलिस को चुनौती दी है। घटना के बाद बाजार में दहशत फैल गई। दुकानों के शटर गिरने लगे। बाद में पुलिस पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इससे सुराग मिल गए। बदमाश लूट के बाद फिरोजाबाद हाईवे की तरफ भागे हैं। इस पर टीम गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। पुलिस का कहना है कि रेकी कर वारदात को अंजाम दिया है। कारोबारी नरेंद्र और महेश मोटवानी से लूट करने के बाद एक बाइक पर सवार दो बदमाश कमला नगर मुख्य बाजार तो दूसरी बाइक पर सवार बदमाश मुगल रोड होते हुए हाईवे की तरफ चले गए। पुलिस ने कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इनमें बदमाश नजर आए हैं। हालांकि उनके चेहरे नहीं दिख रहे हैं। बाइकों के नंबर भी नहीं दिख रहे हैं। कारोबारी भी नहीं बता पा रहे हैं कि बदमाशों के चेहरे खुले थे या बंद। उनका कहना है कि बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्च झोंक दी थी। इस कारण उन्हें कुछ भी दिख नहीं आ रहा था। कुछ राहगीरों की आंखों में भी मिर्च गई थी। इस कारण कोई कुछ नहीं कर सका। बाद में आंखों में पानी डाला। तब राहत मिली। फुटेज से यह भी पता चला है कि बदमाश काफी देर से कारोबारी भाइयों का इंतजार कर रहे थे। उनके निकलते ही पीछे लग गए। सुनसान स्थान पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने कमला नगर में कई जगह पर सीसीटीवी फुटेज देखे। इससे पता चला कि बदमाश रेकी करके आए थे। उन्हें पता था कि व्यापारी कैश लेकर मुगल रोड से जाते हैं। इसलिए दुकान से ही पीछे लग गए। मुगल रोड पर जहां पर लूट की, वहां पर सुनसान रहता है। उन्होंने व्यापारियों को स्कूटर में लात मारने के बाद गिरा दिया था, जिससे वो ज्यादा दूर न जाएं।

### उधारी नहीं चुकाने पर कार में अगवा किया युवक, बंधक बनाकर रखा...फिर इस तरह खुद को बचाया

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में उधार लिए 80 हजार रुपये नहीं चुकाने पर एक युवक को भगवान टॉकीज से कार में अगवा कर लिया गया। इरादतनगर क्षेत्र के बंद पेट्रोल पंप में ले जाकर एक लाख रुपये की मांग की गई। युवक के इन्कार करने पर घर में बंधक बना लिया। रात में आरोपियों से बचकर युवक भाग निकला। सैंया थाना पुलिस को जानकारी दी। इस पर पीड़ित के घरवाले आ गए। उसे अपने साथ ले गए। अब मामले में थाना हरीपर्वत में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। न्यू लॉयर्स कॉलोनी, न्यू आगरा निवासी अमन जैन ने बताया कि वह ई-कॉमर्स वेबसाइट से व्यापार करते हैं। जनवरी में उन्हें रुपयों की जरूरत थी। उन्होंने पीलाखार के परिचित कुछ युवकों से 80 हजार रुपये उधार लिए थे। जमानत के तौर पर अपने दोस्त की गाड़ी को गिरवी रख दिया था। मगर, वो 3 महीने बाद भी रकम नहीं चुका पाया। इस पर रुपये देने वाले युवक परेशान करने लगे। उन्होंने अपने दोस्त की गाड़ी बेचने की बात की। युवक तैयार हो गए। 22 जुलाई को गाड़ी बिक्री के कागजात पर हस्ताक्षर कराने के बहाने आरोपियों ने उसे भगवान टॉकीज बुलाया।

### मालखाने से गायब हो गई चौकी प्रभारी की पिस्टल, अब तक नहीं चला पता... दर्ज होंगे बयान

**आगरा , एजेंसी।** आगरा थाना बाह के मालखाने से बटेश्वर चौकी प्रभारी राजाबाबू यादव की पिस्टल गायब होने के मामले में पुलिस खाली हाथ है। दरोगा पिस्टल मालखाने में जमा करने का दावा कर रहे हैं तो हेड मोहर्रिर ने पिस्टल दरोगा के पास ही होने का दावा किया था। मामले में दोनों के बयान दर्ज करने की तैयारी है। उनका हमराही तो कमजोर कड़ी तो नहीं है। बाह थाने के हेड मोहर्रिर वीरेश कुमार के कानपुर हुए तबादले पर मालखाने का चार्ज नये हेड मोहर्रिर अवधेश कुमार को सौंपे जाने के दौरान मालखाने से बटेश्वर चौकी प्रभारी राजाबाबू यादव की सर्विस पिस्टल गायब होने का मामला सामने आया। गायब पिस्टल को लेकर हेड मोहर्रिर वीरेश कुमार और चौकी प्रभारी राजाबाबू यादव आमने सामने हैं।

25वां कारगिल विजय दिवस : सीएम योगी ने कहा

# दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रुप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है।



सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर जब सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।

सीएम योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

#### इन्हें किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

#### अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

इससे पहले सीएम योगी सेंट्रल कमांड, कैंट में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अमर जवानों को पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ सीएम योगी ने कारगिल युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों के शौर्य को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी और भारतीय सेना के पराक्रमी योद्धाओं को नमन किया। उन्होंने लिखा भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य, अद्वितीय पराक्रम एवं अप्रतिम साहस के प्रतीक कारगिल विजय दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! मां भारती के सम्मान और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर जवानों को नमन! भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा व त्याग की भावना पर हमें गर्व है। जय हिंद! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले तीन वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

## शादी से युवती कर रही थी इन्कार: छत से फेंकने का आरोप, सैन्यकर्मी सहित तीन पर मुकदमा दर्ज, आरोपी हिरासत में

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में बन्नादेवी के शक्ति विहार इलाके में सैन्यकर्मी के मकान की तीसरी मंजिल से युवती को फेंकने का आरोप परिजनों ने लगाया है। उनका कहना है कि युवती पर शादी का दबाव बनाने और बात न मानने पर वारदात को अंजाम दिया गया है। इस मामले में सैन्य कर्मी, उसकी सास और चचिया ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी हो रही थी। इधर, जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती युवती पूरी तरह होश में नहीं है। सुबह हल्का होश आने पर कुछ जानकारी दी है।

घटना 24 जुलाई देर शाम की है, जब मकान की तीसरी मंजिल से गिरी युवती को सैन्यकर्मी व उसका शिक्षक भाई जख्मी हालत में लेकर जा रहे थे। तभी लोगों ने घेरकर उन्हें दबोच लिया था और दोनों भाइयों को पीटकर पुलिस को सौंप दिया था। जख्मी युवती का जेएन मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। जानकारी पर तड़के कासगंज क्षेत्र के गांव बेघला कोफ्ता से युवती की मां, भाई व बहन आदि परिजन जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

उन्होंने पुलिस को जानकारी दी कि युवती डेढ़ माह पहले अपने बहनोई के साथ चली गई थी। इस मुकदमे में बहनोई जेल गया। 23 जुलाई को उसे तंत्र-मंत्र से जुड़े उपचार के लिए एटा, अमापुर में रिश्तेदारी में भेजा था। वहां सैन्यकर्मी देवेंद्र की ससुराल है। वह भी वहां पहुंचा हुआ था। दोनों चूंकि आपस में रिश्तेदार हैं। सैन्यकर्मी के सामने जब मामला रखा तो वह यह कहकर अपने साथ युवती को ले आया कि वहां इलाज कराएंगे।

इस प्रस्ताव पर सैन्यकर्मी की सास व चचिया ससुर जगपाल उर्फ गप्पाल ने भी जोर दिया और यह तीनों लोग युवती को अलीगढ़ ले आए। परिवार का आरोप है कि उसे 24 जुलाई को यहां लाया गया। यहां लाकर युवती पर सैन्यकर्मी अपने तीसरे भाई संग शादी का दबाव बना रहा था। इसका युवती ने विरोध किया तो मारने की नीयत से उसे छत से फेंक दिया गया। इस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें तीनों को नामजद किया है। पुलिस के अनुसार इधर, युवती ने सुबह हल्का होश आने पर बताया कि सैन्यकर्मी व शिक्षक अपने तीसरे भाई के साथ शादी का दबाव बना रहे थे।

## सिपाही भर्ती : 1161 केंद्रों में होगी परीक्षा, इस तरह से जारी होगा एडमिट कार्ड, हर काम के लिए होगा अलग वेंडर

**लखनऊ, एजेंसी ।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए 1161 केंद्रों का चयन किया गया है। पेपर लीक से बचने के लिए परीक्षा केंद्र सरकारी व सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय की 10 किमी की परिधि के भीतर हैं। भर्ती बोर्ड परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को पहले जिला आवंटित करेगा। इसके बाद परीक्षा केंद्र के नाम के साथ एडमिट कार्ड जारी करेगा। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्णा ने बताया कि इस बार भी परीक्षा ऑफलाइन होगी। इसमें ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देने होंगे। पांच दिन में दस पालियों में होने वाली परीक्षाओं के प्रश्न पत्र भी अलग-अलग होंगे।

उन्होंने कहा कि जून में कार्मिक विभाग द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक परीक्षा केंद्रों के मानकों में अहम बदलाव किए गए हैं। परीक्षा में फूलप्रूफ सुरक्षा इंतजामों के लिए कई सरकारी एजेंसियों की मदद ली जाएगी। पेपर लीक एवं सॉल्वर गैंग पर नजर रखने की जिम्मेदारी एसटीएफ को दी जाएगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर सभी जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान को जरूरी दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि परीक्षा में सिर्फ वही अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने पिछली बार आवेदन किया था। नया आवेदन स्वीकार नहीं होगा। हालांकि फरवरी में आयोजित परीक्षा के दौरान आयुसीमा में दी गई छूट का लाभ इस बार भी मिलेगा।



**डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने किया परीक्षा केंद्र का चयन:** जून में जारी शासनादेश के मुताबिक डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने परीक्षा केंद्रों का चयन किया है। समिति में जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों के चयन से पूर्व स्थानीय अभिसूचना इकाई की रिपोर्ट और एसटीएफ से फीडबैक भी लिया गया है। शासन के नियमों के मुताबिक श्रेणी एक के परीक्षा केंद्रों के तहत राजकीय विद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलीटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में से चयन किया गया है। वहीं, श्रेणी बी के केंद्रों में राज्य सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है, जो पूर्व में संदिग्ध अथवा काली सूची में न रहे हों। साथ ही परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के दौरान उनके द्वारा बीते तीन वर्ष के दौरान कराई गयीं परीक्षाओं का अनुभव, सीसीटीवी की अनिवार्यता, मार्ग, यातायात साधनों की स्थिति समेत तमाम संसाधनों की उपलब्धता का भी ध्यान रखा गया है।

## नए यमुना पुल से दो किशोरियों समेत तीन ने लगाई छलांग, एक बचाया, दो लापता, खोजबीन जारी

**प्रयागराज , एजेंसी।** नए पुल से बृहस्पतिवार दोपहर किशोरी सहित तीन लोगों ने यमुना में छलांग लगा दी। पुल के नीचे तैनात जल पुलिस एक ही युवती को बचा पाई, जबकि युवक और किशोरी गहरे पानी में समा गए। देर शाम तक खोताखोरों ने दोनों को खोजा, लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

लालापुर थाना क्षेत्र के चिल्ला गौहानी गांव निवासी रमेश पटेल ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी वर्षा पटेल (15) 11वीं में पढ़ती थी। बृहस्पतिवार सुबह करीब 7:30 बजे वह स्कूल के लिए निकली थी। घर से वह एक किमी तक साइकिल से जाती थी। इसके बाद एक परिचित के घर साइकिल खड़ी करके बस से स्कूल जाती थी। सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस ने फोन कर बताया कि वर्षा नए पुल से कूद गई है और निजी अस्पताल में भर्ती है।

अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि वहां घूरपुर थाना क्षेत्र के सेमरा कल्बना गांव निवासी नम्रता पटेल (24) भर्ती है। इस दौरान जानकारी मिली कि उसके साथ एक और लड़की भी कूदी थी। उसका स्कूल बैग थाने में है। थाने पहुंचे पर रमेश को पता चला कि बैग उनकी बेटी वर्षा का है। वहीं, जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि नए यमुना पुल से वर्षा और नम्रता एक साथ कूदी थीं। इसके करीब एक घंटे बाद युवक ने भी पुल से छलांग लगा दी। नम्रता को निकालकर पुलिस को सौंप दिया गया, जबकि युवक और किशोरी का अब भी पता नहीं चल सका है।

**सीमा विवाद में उलझी रही दो थानों की पुलिस:**

नए यमुना पुल से बृहस्पतिवार को नदी में छलांग लगाने वाली वर्षा पटेल का कुछ पता नहीं चल सका है। पिता रमेश पटेल ने बताया कि सूचना पर जब वह कीडगंज थाने पहुंचे तो उन्हें पुलिस वालों से बेटी का बैग मिला। जिस लड़की को जल पुलिस ने बचाया था वह उनकी दूर की रिश्तेदार है। वहीं, सीमा विवाद में दो थानों की पुलिस उलझी रही।

रमेश का कहना है कि जब उन्होंने कीडगंज पुलिस से बेटी को खोजने के लिए कहा तो पुलिसकर्मियों ने बताया कि जिस तरफ किशोरी ने छलांग लगाई है, वह नैनी क्षेत्र में लगता है, इसलिए नैनी पुलिस ही खोजबीन करेगी। वह नैनी थाने पहुंचे तो बताया कि वह उनके क्षेत्र में नहीं आता। इसके बाद उन्होंने निजी खोताखोरों से संपर्क किया। खोताखोरों ने कहा कि बेटी के मिलने पर 10,000 रुपये लेंगे और नहीं मिलने 5,000 रुपये। करीब दो बजे खोताखोर छात्रा को खोजने के लिए नदी में उतरे। करीब दो घंटे के खोजबीन की, लेकिन वर्षा का कुछ पता नहीं चला।

## धनीपुर ब्लॉक कार्यालय में हंगामा, प्रमुख के दफ्तर में तोड़फोड़, चार पर मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ के धनीपुर ब्लॉक में पिछले कुछ समय से चल रही रार थम नहीं रही। 25 जुलाई को भी यहां टेंडर प्रक्रिया के दौरान ब्लॉक प्रमुख व ठेकेदार आमने सामने आ गए। ब्लॉक प्रमुख पूजा दिवाकर ने भाजपा के छर्रा क्षेत्र के विधायक रवेंद्रपाल सिंह के करीबी ठेकेदारों पर उनके दफ्तर में घुसकर तोडफोड़-अभद्रता का आरोप लगा दिया।

आरोप है कि विरोध पर गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसको लेकर काफी देर तक हंगामा हुआ। पुलिस ने मौके से चार लोग पकड़ लिए, जिन्हें शांति भंग में पाबंद किया गया है। वहीं, ब्लॉक प्रमुख की तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ठेकेदार पक्ष ने भी ब्लॉक प्रमुख पर टेंडर प्रक्रिया से उन्हें दूर रखने की साजिश के तहत झूठा आरोप लगाने का दावा किया है। भाजपा समर्थित ब्लॉक प्रमुख पूजा दिवाकर दो माह से सुर्खियों में हैं। उनके द्वारा पूर्व में छर्रा क्षेत्र के विधायक रवेंद्रपाल सिंह व पूर्व ब्लॉक प्रमुख तेजवीर सिंह पर ब्लॉक के कामकाज में दखल देने का आरोप लगाया था। यहां तक कहा था कि वह उन्हें काम नहीं करने दे रहे। 25 जुलाई को उन्होंने पुलिस को सूचना दी कि सुबह वह अपने दफ्तर से उठकर बीडीओ दीपक कुमार के दफ्तर पहुंचीं। इसी बीच बाइकों व कारों में सवार होकर आए कुछ ठेकेदारों व समर्थकों ने उनके कार्यालय में तोड़फोड़ कर दी। जब वह अपने कार्यालय पहुंचीं तो मेज का शीशा टूटा था। कुर्सियां अस्त-व्यस्त व टूटी पड़ी थीं। इसी बीच आई पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित चार लोग हिरासत में लिए। इसको लेकर वहां हंगामा शुरू हो गया।

ब्लॉक प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये छर्रा विधायक के करीबी ठेकेदार हैं। टेंडर लेने आए थे। इनमें शामिल सुशील ठेकेदार पूर्व में भी कार्यालय पर बदसलूकी कर चुका है। गाली-गलौज व जातिसूचक शब्द बोल चुका है। उसके साथ उदयपाल, मुकेश, दीपक भी शामिल हैं। पुलिस ने चारों पर मुकदमा दर्ज किया है।

## लखनऊ की फिजा में जिंदा हैं कारगिल के नायकों के किस्से, दिखाया था अदम्य साहस



**लखनऊ , एजेंसी।** परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय, लांसनायक केवलानंद द्विवेदी, राइफलमैन सुनील जंग, मेजर रीतेश शर्मा, कैप्टन आदित्य मिश्र...ये उन जांबाजों के नाम हैं, जो कारगिल युद्ध में अदम्य शौर्य व पराक्रम का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी जांबाजी के किस्से आज भी लखनऊ में सुनाए जाते हैं। इन वीर सपूतों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों के कब्जे से कारगिल को मुक्त कराने में अहम योगदान दिया। शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ है।

**कैप्टन मनोज पांडेय : दुश्मनों के चार बंकर किए ध्वस्त**
रेजीमेंट : 11 गोरखा राइफल्स
शहादत : 3 जुलाई, 1999
कैप्टन मनोज पांडेय कारगिल युद्ध के मुख्य नायक रहे हैं। 4 मई, 1999 को उन्हें कारगिल में भारतीय चौकियों को खाली कराने की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने दुश्मनों के चार बंकर ध्वस्त कर दिए। इस बीच दुश्मन की गोली का शिकार भी हो गए। शहीद होने पर उन्हें परमवीर चक्र से नवाजा गया।

**लांसनायक केवलानंद : बीमार पत्नी को छोड़ रणभूमि पहुंचे**
रेजीमेंट : कुमाऊं
शहादत : 6 जून, 1999 कारगिल सेक्टर
शहीद लांसनायक केवलानंद द्विवेदी की पत्नी कमला बीमार थीं। वह उन्हें छोड़कर कारगिल युद्ध के लिए कूच कर गए थे। दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हुए वह वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद की पत्नी कमला ने बताया कि जैसे-तैसे परिवार का खर्च चलाया और बेटों तीरथराज व हेमचंद को पढ़ाया।

**राइफलमैन सुनील जंग : देश के लिए दांव पर लगाई जान**
रेजीमेंट : 11 गोरखा राइफल्स
शहादत : 15 मई, 1999
वर्ष 1995 में गोरखा राइफल्स में भर्ती हुए राइफलमैन सुनील जंग सिर्फ 16 साल के थे। वह कारगिल में लखनऊ के पहले शहीद थे। 10 मई, 1999 को सेना की ओर से उन्हें कारगिल सेक्टर भेजा गया। तीन दिन तक पराक्रम दिखाने के बाद 15 मई को वह शहीद हो गए। उनकी मां बीना महत छावनी के तोपखाने में रहती है। बताया कि सुनील के दादा मेजर नकुल जंग व पिता नर नारायण जंग भी सेना में सेवाएं दे चुके थे।

**मेजर रीतेश शर्मा : बुलाने से पहले ही पहुंच गए कारगिल**
रेजीमेंट : 17 जाट रेजीमेंट
शहादत : 6 अक्तूबर, 1999
लामार्टीनियर कॉलेज के छात्र रहे मेजर रीतेश शर्मा 9 दिसम्बर, 1995 को सेना में भर्ती हुए। ड्यूटी के दौरान वह मई, 1999 में 15 दिन की छुट्टी लेकर लखनऊ आए थे। इसी दौरान कारगिल युद्ध की सूचना मिली। इससे पहले कि रेजीमेंट उन्हें बुलाती, वह बगैर बुलाए ही ड्यूटी पर पहुंच गए। चूंकि, जाट रेजीमेंट पहले ही कारगिल की ओर कूच कर चुकी थी, इसलिए मेजर रीतेश ने यूनिट के साथ दुश्मनों से मोर्चा लेते हुए चोटी पर तिरंगा फहरा दिया था। कारगिल के बाद 25 सितम्बर, 1999 को कुपवाड़ा में आतंकी ऑपरेशन के दौरान मेजर शर्मा खाई में गिर गए और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था।

**कैप्टन आदित्य मिश्र : बिछाते रहे सिग्नलिंग के तार**
रेजीमेंट : सिग्नल कोर
शहादत : जून, 1999
8 जून, 1996 को कैप्टन आदित्य मिश्र सेना के सिग्नल कोर में सेकंड लेफ्टिनेंट के रूप में भर्ती हुए। सितम्बर, 1999 में लद्दाख स्काउट में तैनाती मिली। कारगिल युद्ध छिड़ने पर वह बटालिक पहुंचे, जहां 17 हजार फुट ऊंची चोटी पर भारतीय पोस्ट को छुड़ाने के लिए उन्होंने दुश्मनों को निपटाकर चोटी फतह कर ली। पोस्ट पर संचार के लिए तार बिछाने बहुत जरूरी थे, तभी दुश्मनों की गोलीबारी में वह घायल होकर वीरगति को प्राप्त हुए। उनके पिता जीएस मिश्र सीनियर आर्मी ऑफिसर रहे हैं।


**विवेक गुप्ता ने दिखाया अदम्य साहस:** राष्ट्रीय राइफल रेजीमेंट मेजर विवेक गुप्ता ने भी कारगिल के युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया था और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्होंने 11 जून, 1999 को तोलोलिंग चोटी पर हमलों के दौरान दुश्मनों के कई ठिकानों पर कब्जा कर लिया था। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से नवाजा गया था।

## पुलिसकर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी हुई शुरू, लेट आने वालों पर होगी कार्रवाई

**आगरा , एजेंसी।** यूपी पुलिस के जवानों की हाजिरी अब बायोमेट्रिक होगी। आगरा के थाना लोहामंडी में पहली बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। इसका शुभारंभ डीसीपी सिटी सूरज राय ने किया।

थाना लोहामंड़ी में बायोमेट्रिक हाजिरी सिस्टम लगाया गया है। अब सभी पुलिसकर्मियों को समय पर हाजिरी ऑफिस में लगानी होगी। बायोमेट्रिक मशीन लग जाने से पुलिसकर्मियों की मनमानी पर लगाम लग सकेगा।

पुलिसकर्मियों को सुबह 9 बजे बायोमेट्रिक मशीन से हाजिरी लगानी होगी। ड्यूटी के निर्धारित समय में देरी से आने पर जवाब मांगा जाएगा। जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बायोमेट्रिक मशीन में फिंगर प्रिंट से पुलिसकर्मियों की पहचान होगी। इस बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम का डीसीपी सिटी सूरज राय ने शुभारंभ किया।



# कंटेंट के प्रति अधिक सजग हो गए हैं अक्षय

अक्षय कुमार बॉलीवुड के सुपरस्टार कलाकार हैं। उन्होंने बीते कई वर्षों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है। वह फिल्मों में एक्शन से लेकर कॉमेडी तक हर जॉनर में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। लंबे वक्त तक वह हिट फिल्मों की गारंटी माने जाते रहे। उन्होंने इस दौरान लगातार हिट फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए भी रखा था। हालांकि, इन दिनों वह अपने करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।  अक्षय की पिछली कई फिल्में अच्छा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई थी, जो असफल साबित हुई। इसके बाद उन्हें अपनी हालिया रिलीज फिल्म सरफिरा से उम्मीदें थीं, लेकिन यह फिल्म भी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। यह तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है, जिसमें साउथ के सुपरस्टार अभिनेता सूर्या नजर आए थे। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। हालांकि, अक्षय वो जादू हिंदी में दोहरा नहीं सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का बजट 100 करोड़ है, लेकिन फिल्म रिलीज के लगभग दो सफ्ताह के बाद भी इसका पांचवा हिस्सा ही कमा सकी है। हालांकि, फिल्म के अभिनेता अक्षय इसे लेकर आशावादी बने हुए हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी हालिया फ्लॉप फिल्मों और असफलता से मिले सबक को लेकर बात की है। अभिनेता ने कहा, हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून लगा होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला अहसास होता है, लेकिन आपको उम्मीद की किरण ढूंढना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहले ही असफलता से निपटना सीख लिया था। उन्होंने कहा, बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और प्रभावित करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी। यह अभिनेता के नियंत्रण में नहीं है, आपके नियंत्रण में है कड़ी मेहनत करना, सुधार करना और अपनी अगली फिल्म पर ध्यान देना उसमें अपना सबकुछ झोंकना। मैं इस तरह से ही अपनी ऊर्जा को संचालित करता हूं और अगली फिल्म पर बढ़ने की कोशिश करता हूं। अपनी ऊर्जा को वहां केंद्रित करता हूं, जहां यह सबसे ज्यादा मायने रखता है।



# कम उम्र के रोल नहीं करना चाहतीं सोनम कपूर

**सिनेमा की दुनिया में पहली फैशन आइकन बनने वाली सोनम कपूर पिछले कुछ समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अब शायद वापस आने का इंतजार कर रही हैं। अब हाल ही में, डर्टी मैगजीन के लिए कवर इंटरव्यू में सोनम कपूर ने इस बारे में बात की कि उन्हें किस तरह की भूमिकाएं मिल रही हैं और साथ ही उन्होंने अपने बेटे वायु के मीडिया के सामने आने के बारे में भी बात की। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।**

## सोनम को ऑफर हुए हैं ऐसे रोल

सोनम ने कहा, मैं फिर से अभिनय शुरू करने जा रही हूं, चाहे लोग चाहें या न चाहें। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें 20 की उम्र की भूमिकाएं ऑफर किए जाने पर अजीब लगता है। अभिनेत्री ने आगे याद किया कि उन्हें एक ऐसी लड़की की भूमिका का ऑफर किया गया था, जिसके माता-पिता चाहते हैं कि वह शादी कर ले। और यह तब था जब उन्होंने पूछा, क्या आप सच में मुझे यह फिल्म ऑफर करना चाहते हैं? इसका कोई मतलब नहीं है।

## कम उम्र के किरदार नहीं निभाना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनम कपूर ने आगे बताया कि उन्हें एक स्कूली छात्रा की भूमिका निभाने का ऑफर दिया गया था, जो बाद में एक खिलाड़ी बन गई। सोनम ने सोचा कि वह बड़ी उम्र का किरदार निभाएंगी और कोई दूसरी अभिनेत्री युवा किरदार निभाएगी, लेकिन निर्माता चाहते थे कि वह दोनों किरदार निभाएं। अभिनेत्री ने कहा, मैंने सोचा, नहीं, मैं ऐसा नहीं कर सकती! आप जानते हैं, क्योंकि अब वे आपकी उम्र कम कर सकते हैं। मैं कम उम्र की नहीं होना चाहती। क्या आप मेरी उम्र कम होने की कल्पना कर सकते हैं?

## फैंस का जताया आभार

जब उनसे पूछा गया कि क्या युवा भूमिकाएं मिलना उनके लिए खुशी की बात नहीं है, तो सोनम ने कहा, मेरा मतलब है, जाहिर है कि मैं जान्हवी या खुशी जितनी युवा नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए काफी आभारी हूं कि लोग मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं, जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है।

# पहली बार एक साथ दिखेंगे नयनतारा और कविन



साउथ अभिनेत्री नयनतारा और स्टार अभिनेता कविन ने अपनी आगामी फिल्म की घोषणा शूटिंग स्थल से एक रोमांटिक तस्वीर के साथ साझा की है।  फिल्म के शीर्षक और फर्स्ट-लुक पोस्टर का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इस रोमांटिक फिल्म का निर्देशन विष्णु एडवन करेंगे, जिन्होंने निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ मिलकर काम किया है। अभिनेत्री नयनतारा और अभिनेता कविन के द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।  अभिनेत्री नयनतारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रोमांटिक तस्वीर कविन के साथ साझा की। इस तस्वीर पर उन्होंने एक साधारण सा कैप्शन 'हाय' लिख कर दिया। इसके पहले लुक को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। आपको बता दें कि यह फिल्म कविन और नयनतारा की एक साथ पहली फिल्म होगी।

इस परियोजना के निर्देशक विष्णु एडवन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, नंदरी अरोहरा। मेरी नयनतारा मैम और मेरे कविन अन्ना के लिए। आज से यात्रा शुरू होती है। रोम्बा रोम्बा नंदरी ललित सर।

कविन ने निर्देशक के लिए जताई खुशी अभिनेता कविन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर निर्देशक के प्रति खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'सबसे पहले मुझे खुशी है कि विष्णु एडवन निर्देशक बन रहे हैं और उनकी पहली फिल्म का हिस्सा बनकर मैं और भी खुश हूं। तीसरी बार जेन मार्टिन के साथ काम करना वाकई खुशी की बात है और मुझे विश्वास है कि यह एल्बम सभी को पसंद आएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए हम सभी को एक साथ लाने के लिए ललित सर का शुक्रिया।'

## शूटिंग हुई शुरू

बता दें कि इस अनाम फिल्म की शूटिंग 22 जुलाई को चेन्नई में शुरू हुई। सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत जेन मार्टिन ने दिया है, सिनेमैटोग्राफी लियोन ब्रिटो ने की है और डांस कोरियोग्राफी बृंदा गोपाल ने की है।



# अपनी कास्टिंग रणनीति पर रोहित ने की चर्चा



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर जैसे कई बड़े सितारे नजर आएंगे। रोहित शेट्टी ने अपने करियर में अजय देवगन, करीना कपूर खान, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, काजोल समेत बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। उन्होंने हाल ही में अपनी कास्टिंग रणनीति पर चर्चा करते हुए बॉलीवुड के कुछ बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करने के बारे में अपने अनुभन को साझा किया है।

## किरदारों पर ज्यादा ध्यान देते हैं रोहित

रोहित शेट्टी से हाल ही में एक बातचीत में फिल्मों के लिए कलाकारों के पीछे की रणनीति के बारे में पूछा गया। उन्होंने इस दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जब जिस अभिनेता के लिए भूमिका लिखी गई, वह उनके साथ काम करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने कहा कि उनके लिए किसी बड़े स्टार को कास्ट करना महत्वपूर्ण नहीं है।

रोहित ने कहा, मैं हमेशा इस बात से खुश और संतुष्ट रहता हूं। बजाय इसके कि देखो, मैंने अपनी फिल्म में यह स्टार ले लिया। इससे भी बढ़कर यह ऐसा है जैसे हमने इस किरदार को निभाने के लिए इस अभिनेता को लिखा और सोचा और वे इसे निभा रहे हैं। यही वह संतुष्टि है जो आपको मिलती है।

इन दिनों सभी की निगाहें रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन पर हैं। फिल्म निर्माता ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी की और अपनी फैंचाइजी का जश्न मनाते हुए एक दिल को छू लेने वाला नोट साझा किया।



# छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अभिनय का जादू दिखा चुकी हैं शिवालिका

मुंबई में जन्मी शिवालिका ओबरॉय अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। शिवालिका बड़े पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुकी हैं। उससे पहले पर्दे के पीछे भी अपनी काबिलियत जता चुकी हैं। शिवालिका का नाता फिल्मी परिवार से रहा है। उनके पापा महावीर ओबरॉय ने 1967 में शीबा और हरक्यूलिस प्रॉड्यूस की थी। शिवालिका ने अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स एक्टिंग इंस्टिट्यूट से तीन महीने का डिप्लोमा भी किया शिवालिका ने साल 2019 में फिल्म ये साली आशिकी से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें वे अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी थे। इसके बाद शिवालिका ने विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज के दोनों पार्ट्स में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया।



# धनुष ने बताया खुद को आउटसाइडर, रायन की रिलीज से पहले आलोचनाओं में घिरे

धनुष अपनी अगली फिल्म रयान की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म जो 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच तमिल स्टार फिल्म का जोरदार प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में धनुष अपने एक भाषण के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए। सुपरस्टार ने कहा था कि वह एक बाहरी व्यक्ति हैं और उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया है। उन्होंने बोला कि पोएस गार्डन में घर खरीदने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। यह वही इलाका है जहां रजनीकांत और तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के घर हैं। अभिनेता के इस बयान पर बवाल मच चुका है। इंटरनेट यूजर्स ने उन्हें याद दिलाया कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। धनुष ने कार्यक्रम में दावा किया कि पोएस गार्डन में उनके घर खरीदने की बहुत चर्चा हुई थी, जो रजनीकांत और दिवंगत जयललिता के आवास के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, अगर मुझे पता होता कि पोएस गार्डन में घर खरीदना बातचीत का इतना बड़ा विषय बन जाएगा, तो मुझे बस एक छोटा सा अपार्टमेंट मिल गया होता। क्या मुझे पोएस गार्डन में घर नहीं खरीदना चाहिए? अगर मैं सड़क पर रहता हूं तो क्या मुझे वहीं रहना चाहिए?

## रजनीकांत के बड़े फैन हैं धनुष

पॉश इलाके में घर खरीदने के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा, पोएस गार्डन में घर खरीदने के बारे में एक छोटी सी कहानी है। मैं 16 साल का था जब मैं और मेरा दोस्त कैथेड्रल रोड (चेन्नई में) से गुजर रहे थे। आप जानते हैं कि मैं (रजनीकांत की ओर इशारा करते हुए) किसका प्रशंसक हूं। इसलिए यात्रा के दौरान मेरी इच्छा थलाइवर का घर देखने की हुई। मैंने किसी से पूछा कि उनका घर कहां है? हमने दिए गए निर्देशों का पालन किया। हमने इलाके में पुलिस अधिकारियों के एक समूह को देखा और उनसे हमें रजनीकांत के घर तक ले जाने के लिए कहा। उन्होंने हमें निर्देशित किया लेकिन घर देखने के बाद तुरंत वहां से चले जाने को कहा।

## आलोचनाओं में घिरे धनुष

एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, रजनीकांत और जयललिता सच्चे स्व-निर्मित अभिनेता हैं, जबकि धनुष भाई-भतीजावाद का एक उत्पाद हैं। उनकी उनसे खुद की तुलना करने की हिम्मत कैसे हुई? एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, वह सोचते हैं कि वह रजनी के समान स्तर पर हैं, लेकिन धनुष अब इसे अति कर रहे हैं, एक निश्चित छवि पेश करने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहे हैं। इस तरह अभिनेता अपने बयान के कारण आलोचनाओं में घिर गए हैं।

# इन बड़ी फिल्मों में काम करने से इनकार कर चुकी हैं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा अपने करियर में कई हिट फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुकी हैं, इनमें से एक तो रजनीकांत और ऐश्वर्या राय की हिट फिल्म रोबोट ही है। आइए जानते हैं बाकी फिल्मों के बारे में अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित 2 स्टेट्स में आलिया भट्ट और अर्जुन कपूर ने अभिनय किया था, इस फिल्म के लिए पहले प्रियंका चोपड़ा से बात की गई थी। करीना कपूर स्टारर हीरोइन भी प्रियंका चोपड़ा को ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने मधुर भंडारकर की इस फिल्म में काम नहीं किया। आमिर खान और असिन की हिट फिल्म गजनी में प्रियंका को लीड रोल करने का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने इसमें काम नहीं किया, यह 100 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म थी। साल 2012 में रिलीज हुई कॉकटेल का ऑफर भी प्रियंका चोपड़ा ने ठुकरा दिया था, इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने काम किया था। प्रियंका को वेरोनिका का किरदार ऑफर किया गया था सलमान खान की फिल्म सुल्तान, किक और भारत में भी प्रियंका चोपड़ा ने काम करने से मना कर दिया था।



## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर से लखनऊ के रास्ते राहुल गांधी ने जाना जनता का हाल, मोची की दुकान पर रुके



**सुलतानपुर , एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी यूपी के सुलतानपुर में आज एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होने पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में राहुल गांधी सुल्तानपुर की एक अदालत में पेश हुए। राहुल गांधी ने सुलतानपुर में आम जनता से भी मुलाकात की। कोर्ट से वापस लौटते समय राहुल गांधी एक दुकान पर रुके और दुकान चलाने वाले मोची से उन्होंने बातचीत की। राहुल गांधी कोर्ट से वापस लखनऊ एयरपोर्ट जाते समय सुलतानपुर जिले के गुप्तार गंज कस्बे में सड़क किनारे एक मोची की दुकान पर रुके। राहुल कूरेभार थाना क्षेत्र के विधायक नगर चौराहे के पास रुके। राहुल गांधी ने मोची से जूते बनाने के बारे में जानकारी की। उन्होंने मोची से जूते बनाने से होने वाली आमदनी के बारे में भी पूछा। मोची रामचेत ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राहुल ने उन्हें जूता सिलते हुए देखा और सिलने से जुड़ी जानकारी ली। राहुल गांधी ने सुलतानपुर से लखनऊ के रास्ते में लोगों से बातचीत की। उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर रास्ते में मिले छात्रों से भी उनकी समस्याएं सुनीं। नीट के छात्रों से राहुल गांधी ने पेपर लीक पर भी चर्चा की और उनसे जाना की पेपर लीक का क्या हल है। इस पर छात्रों ने कहा कि दोबारा परीक्षा होना ही हल है। छात्रों ने ये भी कहा कि उन्हें लगता है कि पेपर लीक हुआ है। गौरतलब हो कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 2018 में राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इस मामले में सुल्तानपुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्रा ने उनके खिलाफ परिवाद दायर की थी। विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया। इस साल फरवरी में राहुल गांधी को कोर्ट से इस मामले में जमानत मिली थी।

### केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली की वाईफाई का पासवर्ड हैं



**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। अखिलेश् यादव ने कहा कि मौर्य जी दिल्ली के मोहरा हैं। वह दिल्ली के वाई फाई के पासवर्ड हैं। अब आप दिल्ली के वाई फाई के इस पासवर्ड का खेल देखिए। वैसे हमारा विंटर ऑफर खुला है। वह कोटा को लेकर पत्र लिख कर दोहरी भूमिका निभाना चाहते हैं। अखिलेश ने कहा कि यूपी में टॉप पदों पर कौन लोग बैठे है। यह भी देखिए। लोग सपा को जातिवाद बता रहे हैं। भाजपा के नेता खुद कह रहे हैं कि आज जैसा भ्रष्ट्चार पहले कभी नहीं रहा। पुलिस एनकाउंटर का रेट लगाती है। हत्याओं का दौर चल रहा है। बीजेपी के लोग ही कानून व्यवस्था बिगाड़ रहे है। दिल्ली व लखनऊ मिल कर काम करते तो ना जाने यूपी कितनी प्रगति कर लेता है। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था को समाजवादी पार्टी कभी स्वीकार नहीं कर सकती। मैं खुद मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हूँ, मेरे कई मित्र सेना में हैं। आप 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं तो आप नौजवान को फौज को पक्की नौकरी नहीं दे सकते? भाजपा के लोग बहुत परेशान हैं इस समय,उन्हें नही पता क्या मुद्दे इस समय उठाया जाए। मदरसों में पढ़ाई अच्छी होनी चाहिए। उनकी जो व्यवस्था थी बोर्ड की उसपर सरकार को ज्यादा हस्तक्षेप नही करना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ में कुल 19 लाख रूपये के इनामी पांच नक्सलियों का आत्मसमर्पण



**रायपुर , एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों को उस बड़ी कामयाबी मिली जब एक साथ 5 नक्सलियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इन सभी नक्सलियों के सिर पर सामूहिक रूप से कुल 19 लाख रुपए का इनाम घोषित था। हथियार डालने वाले नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया और बताया कि वे वरिष्ठ नक्सलियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा से निराश हैं। साथ ही सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने यह भी कहा कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और कल्याणकारी योजनाओं से भी बहुत प्रभावित हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में कवासी दुला (25), सोधी बुधरा (27) और मड़काम गांगी (27 वर्षीय महिला) शामिल हैं, जो कि प्लाटून नंबर 30 में डिप्टी कमांडर, सेक्शन कमांडर और सेक्शन ए कमांड के रूप में सक्रिय थे और इन पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। चव्हाण ने बताया कि सरेंडर करने वाली दो अन्य महिला कैडर पोडियाम सोमदी (25) और मड़काम आयते (35) है, जो कि प्लाटून नम्बर 30 की पार्टी सदस्य और माओवादियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की दर्जी टीम की सदस्य है। इन दोनों पर 2-2 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुकमा पुलिस के नक्सल विरोधी सेल की खुफिया शाखा और पड़ोसी राज्य ओडिशा की पुलिस ने उनका आत्मसमर्पण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये पांचों नक्सली कथित तौर पर पुलिस टीमों पर हमले करने और सड़कों को नुकसान पहुंचाने के मामले में शामिल थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सरेंडर करने वाले पांचों नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक मदद राज्य सरकार की तरफ से दी गई है और आगे भी सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को सुरक्षाबलों ने प्रदेश के कोंडागांव जिले में पांच-पांच किलोग्राम के दो आइइडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के इरागांव थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने दो आइइडी बरामद किए। उन्होंने बताया कि जिले के इरागांव और धनोरा थाना क्षेत्र के सुरक्षाबलों को मंगलवार को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी और जिला बल के जवान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि एक दल जब इरागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो, तमोरा और किलेनार गांव के करीब था तभी उन्हें नक्सलियों द्वारा आइइडी लगाए जाने की सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि बाद में बम निरोधक दस्ते ने पांच-पांच किलोग्राम के दो आइइडी बरामद कर उन्हें घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया।

## उदयपुर में घर के सामने शिक्षक की तलवार से हत्या, पिता पर भी किया हमला

**उदयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान के उदयपुर के सलूंबर जिले में एक शिक्षक की धारधार हथियार से हत्या कर दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची है। मौके पर अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक जावरमाइंस थाना क्षेत्र के अदवास गांव में गुरुवार देर शाम एक शिक्षक की तलवार से हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम शिक्षक शंकरलाल (40) पुत्र डालचंद मेघवाल की घर के सामने अज्ञात हमलावर ने तलवार से हत्या कर दी। मौके पर बीच बचाव के दौरान मृतक के पिता डालचंद पर हमला किया गया, जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल को नजदीकी चिकित्सालय जावद पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्या के आरोपी को नामजद कर उसकी धरपकड़ को लेकर पुलिस दल गठित कर अलग-अलग स्थानों पर रवाना कर दिए गए। प्रारम्भिक जांच में हत्या के पीछे कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस के मुताबिक ज्यादा खून बहने से पिता की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। वहीं मृतक बेटा प्राथमिक स्कूल में शिक्षक था। मृतक के तीन बच्चे हैं। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। वहीं पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता भी तैनात किया गया है। वहीं मृतक शिक्षक के छोटे भाई प्रकाश मेघवाल ने कहा कि घटना के वक्त घर के पास ही था। जब तक दौड़कर पहुंचा। तब तक आरोपी फरार हो चुका था।

## राजस्थान पीटीईटी काउंसलिंग प्रक्रिया में बदलाव

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान पीटीईटी काउंसलिंग प्रक्रिया में बड़ा बदलाव कर दिया है। इस कदम से काउंसलिंग में कॉलेज अलॉट होने के बाद कई ऐसे स्टूडेंट्स के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी जो अपने पसंद का कॉलेज न मिलने से परेशान थे। इस साल पीटीईटी काउंसलिंग में पहले जहां अपवर्ड मूवमेंट प्रक्रिया होती थी, अब इसके बजाय अभ्यर्थियों से कॉलेज बदलने के लिए वापस फ्रेश चॉइस भरवाई जाएगी। इसके लिए आप 28 जुलाई से आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। री चॉइस का लिंक तभी एक्टिवेट कर दिया जाएगा। इसके लिए वर्धमान महावीर खुला विवि कोटा ने काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान अपवर्ड मूवमेंट का लिंक अधिकारिक वेबसाइट से हटा दिया है। अभी तक के पीटीईटी के नियमों के अनुसार अपवर्ड मूवमेंट में अभ्यर्थी की काउंसलिंग में भरी गई कॉलेज चॉइस में से आवंटित कॉलेज से ऊपर की बची चॉइस को ही शामिल किया जाता है। ऐसे में बाहरी जिले आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए अपवर्ड मूवमेंट में भी दिक्कतें पेश आ रही थी। ऐसे में वीएमओयू ने 21 से 26 जुलाई तक अपवर्ड मूवमेंट के लिंक को बंद कर दिया था।

ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार उम्मीदवार को सीट अलॉटमेंट उनके द्वारा राजस्थान PTET 2024 परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा, किसी भी उम्मीदवार को सीट उनके जिले या फिर स्थान के हिसाब से आवंटित नहीं की जाएगी। कॉलेज अलॉटमेंट करते समय उम्मीदवार द्वारा भरी गई वरीयता, फैकल्टी, टीचिंग विषय और कॉलेज की च्वॉइस भी देखी जाएगी।

# राजस्थान में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश

### 4 डिग्री गिरा तापमान; वीकेंड का जान लीजिए हाल

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान में मानसून की सक्रियता के चलते पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश और ज्यादातर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भारी, जबकि कई अन्य स्थानों पर हल्की बारिश हुई। अगले चार से पांच दिनों में पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों और पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बारिश की वजह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

**कहां कितनी बारिश:** जयपुर मौसम केन्द्र के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान दौसा में 20 सेंटीमीटर (सेमी), करौली में 13 सेमी, बसवा में 11 सेमी, सवाई माधोपुर के बौंली में नौ सेमी, अलवर के लक्ष्मणगढ़ में नौ सेमी और राज्य के अनेक स्थानों पर सात सेमी से एक सेमी तक बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह से शाम साढ़े पांच बजे तक कोटा में 60.6 मिलीमीटर (मिमी), सीकर में 32 मिमी, राजधानी जयपुर में 25.8 मिमी और चित्तौड़गढ़-बीकानेर में बूंदाबांदी दर्ज की गई।



बीकानेर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 38.5 डिग्री सेल्सियस, गंगानगर में 38.2 डिग्री सेल्सियस, हनुमानगढ़ के संगरिया में 38 डिग्री, पिलानी में 37.5 डिग्री, फलोदी में 37.4 डिग्री, धौलपुर में 37.2 डिग्री और अन्य स्थानों पर 35.8 डिग्री सेल्सियस से लेकर 29.6 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं राज्य के सभी स्थानों पर बीती रात का तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 24.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

**जारी रहेगा बारिश का सिलसिला:** जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम बना हुआ है, जिसके कारण मानसून की ट्रफ लाइन गंगानगर, जयपुर से होकर गुजर रही है। उन्होंने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के प्रभाव से अगले चार-पांच दिन में पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों और पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है।

# किसानों को 23 हजार करोड़ ऋण वितरित करेगी भजनलाल सरकार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार किसानों के लिए हितों पर 23 हजार करोड़ का फसली ऋष्ण वितरित करेगी। सहकारिता राज्यमंत्री ने विधानसभा में यह घोषणा की है।सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने बताया कि प्रदेश की 20 प्रतिशत आबादी सहकारिता से जुड़ी है। राजस्थान की 41 हजार सहकारी समितियों की 21 हजार 480 करोड़ रुपए से अधिक हिस्सा पूंजी व एक लाख 37 हजार 96 करोड़ रुपए से अधिक कार्यशील पूंजी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में 23 हजार करोड़ रुपए का फसली ऋष्ण वितरण किया जाएगा और 5 लाख नए सदस्य जोड़े जाएंगे।

सहकारी बैंकों के जरिए 100 करोड़ रुपए का दीर्घकालीन ऋष्ण वितरित होगा।500 मीट्रिक टन तक क्षमता के गोदाम बनेंगे।सभी सहकारी समितियों को ऑनलाइन किया जाएगा, अब तक 1231 समितियां गो-लाइव समितियों के बोर्ड सदस्यों व व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण।प्रत्येक ग्राम पंचायत पर सहकारी समिति एवं प्रत्येक ब्लॉक पर महिला सहकारी समिति होगी। सहकारी बैंकों में 5 साल बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।



सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार ने किसान सम्मान निधि अभी 12 हजार रुपए करने के बजाय इसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाने की बात कही। उन्होंने गृह निर्माण समितियों में अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई में लाचारी जताते हुए कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए नया को-ऑपरेटिव कोड लाया जाएगा। उन्होंने 23 हजार करोड़ रुपए का फसली ऋष्ण उपलब्ध कराने, किसानों को किराए पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए एक हजार नए कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने और 700 पदों पर भर्ती की घोषणा

## उत्तराखंड आने वाले पर्यटक रखें ध्यान ! अब से सभी वाहनों में डस्टबिन या कचरा बैग रखना हुआ जरूरी

**देहरादून, एजेंसी।**
देशभर से उत्तराखंड आने वाले पर्यटकों के लिए जरूरी खबर है। अब से उत्तराखंड की सीमा में एंट्री करने वाले सभी वाहनों में डस्टबिन (कूड़ेदान) या कचरा बैग रखना अनिवार्य हो गया है। इस नियम का पालन नहीं करने वाले लोगों के चालान भी काटे जाएंगे। उत्तराखंड सरकार ने गुरुवार को राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों में डस्टबिन और कचरा बैग रखना अनिवार्य करने के नियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखा जा सके। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि वाहनों के लिए ट्रिप कार्ड जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें डस्टबिन या कूड़ा-कचरा जमा करने वाले बैग लगे हुए हैं या नहीं। इससे पर्यटकों, टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी तय होगी।

इस संबंध में उत्तराखंड परिवहन विभाग ने हाल ही में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को पत्र लिखकर सूचित कर दिया गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान राज्य में आने वाले वाहनों के लिए डस्टबिन और कचरा बैग रखना अनिवार्य है, ताकि यात्री सड़कों पर कूड़ा न फैला सकें।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड में आने वाले वाहनों की जांच की जाए और अगर उनमें डस्टबिन या कचरा बैग नहीं हैं तो उनके चालान काटे जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंसियों, ड्राइवरों और आम जनता को इस नियम के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए।

उत्तराखंड एक पर्यटन राज्य है। राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता को बनाए रखना और इसके पर्यावरण की रक्षा करना इसके निवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। राधा रतूड़ी ने कहा, हर साल लाखों पर्यटक और श्रद्धालु राज्य में आते हैं।

# कोई प्लॉट के लिए बेकरार, किसी को रास्ते की दरकार; 25 साल बाद भी हरियाणा में कारगिल शहीद परिवारों की अनदेखी

**गुरूग्राम, एजेंसी।**
करगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर देश आज अपने शहीद जवानों के बलिदान और वीरगाथा को याद कर रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में करगिल युद्ध हुआ था। भारतीय सेना के जवानों ने इस युद्ध के दौरान कारगिल की दुर्गम पहाड़ियों में अदम्य वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। भारतीय सेना ने लद्दाख में स्थित करगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने तक चले युद्ध में जीत हासिल करते हुए 26 जुलाई 1999 को %ऑपरेशन विजय% की सफल समाप्ति का ऐलान किया था। पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में इस दिन को %करगिल विजय दिवस% के रूप में मनाया जाता है। कारगिल युद्ध के 25 साल बाद भी हरियाणा में फरीदाबाद से गुरुग्राम तक कुछ जगहों पर शहीदों के परिवारों को आज भी सरकारी मदद और वादों के पूरे होने का इंतजार है। कारगिल में अपना अदम्य साहस दिखाने वाले शहीद जाकिर हुसैन और बिजेंद्र कुमार के परिजन हर दर मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसी भी सरकारी दफ्तर से उन्हें आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला।





शहीदों के बलिदान की बदौलत कारगिल जंग में देश को विजय मिली थी और टाइगर हिल्स पर तिरंगा फहराया गया था। इस युद्ध में जान की बाजी लगाने वाले शहीद के परिजन सरकारी घोषणाओं को पूरा करवाने के लिए भटक रहे हैं। बल्लभगढ़ के गांव सोफ्ता के शहीद जाकिर हुसैन के परिवार को 25 साल बीतने के बाद भी सरकारी घोषणाओं में मिलने वाला प्लॉट आज तक नहीं मिला है। परिजनों का आरोप है कि घोषणा के बाद पटवारी नाप-तौल तो कर गए, लेकिन शहीद की आज भी विधवा प्लॉट से महरूम है। इनके अलावा गांव मोहना के शहीद विरेंद्र सिंह के परिजनों को घोषणा के 25 साल बाद प्लॉट की निशानदेही मिली। शहीद के परिजनों की पीड़ा शहीद जाकिर हुसैन के बेटों ने बुधवार को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनके पिता को शहीद हुए 25 साल हो चुके हैं। जब उनके पिता शहीद हुए उनकी उम्र छोटी थी। मां रजिया उम्र 55 साल शिक्षित नहीं थी। इसी कारण प्रशासन ने उन्हें मिलने वाले प्लॉट की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। रजिया ने बताया कि उस समय पटवारी आए थे और प्लॉट के बारे में बता जरूर रहे थे, लेकिन उसके बाद आज तक प्रशासन की ओर से प्लॉट का जिक्र तक नहीं किया गया और उन्हें प्लॉट नहीं मिला।

## अजित के लिए पूरी तरह बंद हुए चाचा शरद पवार के दरवाजे? बड़ा दावा कर गए करीबी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं। एक ओर उनकी अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से नेता छिटक रहे हैं। वहीं, अब चाचा शरद पवार के करीबी और वरिष्ठ नेता ने साफ कर दिया है कि अजित के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। बीते महीने घोषित हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों में एनसीपी खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के नेता जयंत पाटिल ने गुरुवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाली ह्ष्टक्क के साथ गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। पाटिल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी को हाल के लोकसभा चुनाव में लोगों से जबरदस्त समर्थन मिला, जिसके कारण महा विकास अघाड़ी के तहत उसने जिन 10 सीट पर चुनाव लड़ा उनमें से आठ पर उसे जीत मिली।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राकांपा केवल रायगढ़ से ही जीत पाई, जबकि बारामती और शिरुर में वह प्रतिष्ठा की लड़ाई हार गयी। पाटिल ने कहा, राकांपा दो दलों में बंट गई है। दोनों के अपने-अपने चुनाव निशान हैं। दोनों के बीच गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं है। हाल ही में पिंपरी चिंचवाड़ के एनसीपी चीफ अजित गव्हाणे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### एशिया कप 2024

## भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

- शान के साथ किया फाइनल में प्रवेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 एशिया कप 2024 का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच दाम्बुला के रंगिरी दाम्बुला इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए 81 रन का लक्ष्य दिया है। भारत की सधी हुई गेंदबाजी के कारण बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर सिर्फ 80 रन ही बना पाई। बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना और शोर्ना अख्तर ही दहाई का आंकड़ा छू पाई। निगार सुल्ताना ने 32 रन बनाए। शोर्ना अख्तर 19 रन बनाकर नाबाद रहीं।

निगार सुल्ताना महिला एशिया कप 2024 में पहली बार आउट हुईं। भारत की ओर से रेणुका सिंह ठाकुर ने 4 ओवर में 10 रन और राधा यादव ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3-3 विकेट लिए। रेणुका और राधा दोनों ने अपने स्पेल का आखिरी ओवर मेडन डाला। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। उसने अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया। भारत की प्लेइंग इलेवन में 3 बदलाव हैं। दयालन हेमलता, एस संजना, अरुंधति रेड्डी की जगह उमा छेत्री, हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।

पिछले मैच में हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना ने भारतीय टीम की कमान संभाली थी। जवाब में इंडिया ने बिना विकेट खोए 11 ओवर में 83 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया। मंधाना 55 एवं सेफाली वर्मा 26 रन बनाकर नाबाद रहीं।

## बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों की 31 जुलाई को होगी बैठक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीाइ और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है।

आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करक फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन की संख्या पांच या छह रखी जा सकती है। रिटेंशन को सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के लिए पाकिस्तान से आया अनोखा बयान

# हम अच्छे लोग हैं...





**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के लिए किसी भी कीमत पर राज़ी होती नहीं दिख रही है. चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर लगातार बयानबाजी भी देखने को मिल रही है. तमाम पाकिस्तानी क्रिकेटर्स अपनी-अपनी राय रख चुके हैं.

कोई कह चुका है कि भारत के बगैर की चैंपियंस ट्रॉफी खेले लेंगे. लेकिन अब चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर शोएब मलिक ने बड़ा ही अनोखा बयान दिया है. मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान आने की दरख्वास्त की है. मलिक ने टीम इंडिया से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आने का अनुरोध करते हुए कहा कि हम बहुत अच्छे लोग हैं.

पाकिस्तान क्रिकेट से बात करते हुए शोएब मलिक ने कहा, देशों के बीच जो भी आपत्तियां हैं, वह अलग मुद्दा है और उसे अलग से हल किया जाना चाहिए. राजनीति खेल के अंदर नहीं आनी चाहिए. पिछले साल पाकिस्तान की टीम भारत गई थी और अब टीम इंडिया के लिए अच्छा मौका है. मुझे लगता है कि टीम में कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने पाकिस्तान में नहीं खेला है, इसलिए यह उनके लिए अच्छा होगा. हम बहुत अच्छे लोग हैं. मुझे यकीन है कि इंडिया टीम को ज़रूर आना चाहिए.

**पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया?**

अगर मीडिया रिपोर्ट्स की मानी जाए तो यही पता चलता है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहा है. कुछ रिपोर्ट में तो यह भी बताया गया था कि अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं. पीसीबी ने इस बात को आईसीसी पर छोड़ दिया कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान आए.

**2023 के एशिया कप में भी पाकिस्तान नहीं गई थी टीम इंडिया:** गौरतलब है कि 2023 में हुए एशिया कप की मेज़बानी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था. एशिया कप में भारतीय टीम ने अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में खेले थे. अब देखना दिलचस्प होगा कि चैंपियंस ट्रॉफी पर क्या नतीजा निकलता है.

## उनकी सोच एक जैसी है... नए कोच और नए कप्तान के दृष्टिकोण पर बोले शुभमन गिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पूरी तरह से तैयार है। टी20 विश्व कप के बाद शुभमन जिमबाब्वे दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया का नेतृत्व किया और जिमबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 4-1 से जितवाने में टीम इंडिया को मदद की। अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नए कप्तान और नए कोच पर उन्होंने अपनी राय रखी है। उन्होंने टीम के लिए दृष्टिकोण के मामले में गंभीर और सूर्यकुमार की सोचने की प्रक्रिया को समान माना। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई एक ही विचार पर है। मैं सूर्य भाई के नेतृत्व में खेला हूं और मुझे लगता है कि उनके (गंभीर और सूर्यकुमार) संचार और सोचने का तरीका समान है।



टी20 से रोहित के संन्यास के बाद, गिल के पास यशस्वी जयसवाल के रूप में एक नया ओपनिंग पार्टनर है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेते हैं, खासकर जिस तरह के शॉट्स हम दोनों खेलते हैं, हम एक-दूसरे के पूरक होते हैं। दाएं-बाएं संयोजन होने के नाते...हमने एक साथ जो मैच खेले हैं उनमें हमारी साझेदारी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास 150 रन की दो साझेदारियां हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी समझ और संचार है और यह बहुत आनंददायक है।

गिल ने भारत के नवनियुक्त सहायक कोच अभिषेक नायर की भी प्रशंसा की, जिनके साथ उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स में काम किया था। उन्होंने कहा कि वह (नायर) मैदान पर बहुत प्रयास करते हैं। वह खिलाड़ियों के साथ तब तक रहते हैं जब तक वे अपने कौशल से संतुष्ट नहीं हो जाते। यह उनका सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है। शुभमन ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ तीन टी-20 और तीन वनडे टेस्ट मैचों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उपकप्तानी मिलने पर अतिरिक्त दबाव के सवाल पर कहा कि इससे (उप-कप्तानी) ज्यादा बदलाव नहीं होता है। जब मैं वहां बल्लेबाजी करता हूं, तब भी मुझे प्रदर्शन करने की जरूरत होती है और मुझे टीम के लिए मैच जीतने की जरूरत होती है।

### पेरिस ओलंपिक 2024

## आर्चरी में भारतीय पुरुष टीम का कमाल, डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में आर्चरी में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने बहुत ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है और टीम इवेंट में क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव ने अच्छा खेल दिखाया और सटीक निशाने लगाए।

### तीसरे नंबर पर रही भारतीय पुरुष टीम

आर्चरी के रैंकिंग राउंड में भारती पुरुष टीम तीसरे नंबर रही है। टीम ने कुल 2013 अंक का स्कोर किया है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा ने 681 व्यक्तिगत स्कोर, तरूणदीप राय ने 674 व्यक्तिगत स्कोर, प्रवीण जाधव ने 658 व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया है। इसी वजह से भारत का कुल स्कोर 2013 हो गया है और भारतीय पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह मिल गई है। रिपब्लिक ऑफ कोरिया की टीम पहले नंबर पर है। टीम ने 2049 का स्कोर किया है। वहीं 2025 स्कोर के साथ फ्रांस की टीम दूसरे नंबर पर रही है। चीन ने 1998 का स्कोर किया है। चीन की टीम चौथे नंबर पर है। अब आर्चरी में भारत, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, फ्रांस और चीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

### आर्चरी के रैंकिंग राउंड में पुरुष टीमों का स्कोर-

दक्षिण कोरिया - 2049 अंक
फ्रांस - 2025 अंक
भारत - 2013 अंक
चीन - 1998 अंक

भारत के पुरुष तीरंदाजों का व्यक्तिगत स्को-

बोम्मदेवरा धीरज (681 अंक) - चौथा स्थान
तरूणदीप राय (674 अंक) - 14वें स्थान पर
प्रवीण जाधव (658 अंक) - 39वें स्थान पर

### आर्चरी के मिक्सड इवेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम

धीरज बोम्मदेवरा ने 681 अंक और अंकिता भकत ने 666 अंक जोड़े। इस तरह भारतीय मिक्सड इवेंट में 1347 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर रही है। मिश्रित स्पर्धा के राउंड 16 में भारत का मुकाबला इंडोनेशिया से होगा और क्वार्टर फाइनल राउंड में संभावित रूप से भारत का सामना चीन से हो सकता है।

### हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद पर

## जसप्रीत बुमराह ने शेयर की ड्रेसिंग रूम के अंदर की बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दौरान मुंबई इंडियंस की टीम कप्तानी को लेकर चर्चा में रही। मुंबई प्रबंधन ने रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। इसका मुंबई के प्रशंसकों ने मैच के दौरान विरोध करना शुरू कर दिया। हार्दिक को तो मैदान पर ही काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

वानखेड़े स्टेडियम में कुछ प्रशंसकों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। इस मामले पर मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद के दौरान ड्रेसिंग रूम का क्या माहौल था, पर खुलकर बात की है। बुमराह ने कहा कि कभी-कभी हम समझते हैं, हम ऐसे देश में रहते हैं जहां भावनाओं की बात होती है। हम समझते हैं कि प्रशंसक भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भावुक होते हैं। इससे यह प्रभावित होता है कि आप एक भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन आपके प्रशंसक अच्छी तरह से बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन आपको इसे अपनी ठुड्डी पर रखना होगा।

यह इतना आसान नहीं है। वे चिल्ला रहे हैं। आप इसे सुन सकते हैं। लेकिन तब आपका आंतरिक घेरा मदद करता है। हम एक टीम के रूप में उनके साथ थे, उनसे बात कर रहे थे। उनका परिवार हमेशा वहां रहेगा जब हमने विश्व कप जीता तो वह कहानी भी बदल गई। बुमराह ने कहा कि आप इसे गंभीरता से नहीं ले सकते। अब जब लोग प्रशंसा करते हैं तो यह सब कुछ या अंत नहीं होता। जब हम एक गेम हारते हैं तो वह कहानी फिर से बदल सकती है। यह एक खिलाड़ी की यात्रा का हिस्सा है। यह उचित नहीं है। एक टीम के रूप में हम एक आदमी को पीछे नहीं छोड़ सकते।



हम एक-दूसरे के लिए हैं। हम एक-दूसरे की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने हार्दिक के साथ बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारी दुनिया के खिलाफ हैं। आप बहुत ज्यादा परिचय नहीं देना चाहते। हम साथ थे और जरूरत पड़ने पर उसकी मदद करने की कोशिश कर रहे थे। बुमराह ने इस दौरान आईपीएल में शुरूआत और रोहित के साथ रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब मैं क्रिकेट में आया, तो मुझे बहुत कुछ नहीं पता था।

मैंने जब आईपीएल खेलना शुरू किया तो मैं रोहित शर्मा के पास जाकर कहता था कि आप फील्ड सेट करें, मुझे नहीं पता। मैं यह गेंदबाजी करने जा रहा हूं। यह गेंद होगी। आप फ़ील्ड सेट कर दो। मुझे आप पर भरोसा है, फील्ड कोई भी हो आप फील्ड सेट करते हैं- फिर धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं दूसरों पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रह सकता, तब मैंने कला सीखना शुरू किया।

## गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना मुख्य चुनौती: रवि शास्त्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अनुभव के बावजूद भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना बड़ी चुनौती होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद रिव्यू कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का प्रमुख काम है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इसे कैसे करता है। उसके पास ये सब करने का पर्याप्त अनुभव और साधन है।

वह खिलाड़ियों को जल्द से जल्द समझने का प्रयास करेगा कि उनकी क्या विशेषता है, वे किस तरह के इंसान हैं, उनका व्यक्तित्व और स्वभाव कैसा है। एक इंसान को समझने के लिए कई तरह के मानक होते हैं। उन्होंने कहा, 'वह समकालीन है और मेंटॉर के रूप में उसका पिछला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र अच्छा गया है। उसकी उम्र भी सही है और वह अभी युवा भी है। वह नए आइडियाज के साथ टीम में आएगा।

## 15 और 16 अगस्त 2024 को होगी प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 की नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मशाल स्पोर्ट्स के मुताबिक प्रो कबड्डी लीग के नए सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 15 और 16 अगस्त 2024 में होगी. प्रो कबड्डी लीग का 10 साल का सफर काफी शानदार रहा है.



लीग की शुरुआत 10 साल पहले मुंबई में यू मुंबा और जयपुर पिंक पैंथर्स टीमों के बीच खेला गया था. वही पिछले सीजन का आयोजन 2 दिसंबर 2023 से शुरु होकर 1 मार्च 2024 तक चला था. जिसमें पुनेरी पल्टन और हरियाणा स्टीलर्स के बीच फाइनल खेला गया था. प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की विजेता पुनेरी पल्टन रही थी. इसके साथ ही प्रो कबड्डी लीग 10 सीजन पूरे करने वाली भारत की दूसरी लीग बन गई है.

प्रो कबड्डी लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा की हमें ये बताने में खुशी हो रही है की प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होगी. कबड्डी काफी लंबे समय से भारत का लोकप्रिय और अनूठा खेल रहा है. भारत में लगातार प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता में इजाफा देखने को मिला है. वही इस लीग की वजह से भारतीय कबड्डी टीम में भी कई युवा खिलाड़ियों जलवा देखने को मिल रहा है.

# भारतीय हॉकी टीम पेरिस में पदक की प्रबल दावेदार: हरेंद्र सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन को लेकर महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने बयान दिया. हरेंद्र ने कहा की मैं ये नहीं बता सकता की पदक किस रंग का होगा लेकिन ये जरुर कहूंगा की पदक पक्का है.

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की प्रबल दावेदार है. वही उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को एक सलाह भी दी है. हरेंद्र ने कहा की उनकी टीम को एक ही सलाह है कि बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ. द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हरेंद्र सिंह 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं. वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे.



हरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ . भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है. मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिये नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं.भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है. इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है. उन्होंने आगे कहा की क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं. उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिये क्या चाहिये और दबाव के हालात से कैसे निपटना है. उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है.

हरेंद्र सिंह ने साल 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हरमनप्रीत सिंह एक दिन भारत के कप्तान बनेंगे.हरमनप्रीत शानदार कप्तान है. मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिये जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा.उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है . यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है . यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है. भारत के गोलकीपर श्रीजेश को लेकर कहा की वो मेरा जांगू ( श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम ) है. पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा . इतने साल से इतनी ज्यादा हॉकी खेलते हुए भी आज तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहना , शारीरिक और मानसिक रूप से इतना फिट रहना आसान नहीं. वह कमाल का खिलाड़ी है.

